डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 26.10.2020 से 01.11.2020 ▶ वर्ष-37 ▶ अंक-43 ▶ मूल्य ₹10.00

पुलिस स्मृति दिवस समारोह

विकास के लिए समाज में शांति के साथ सद्भाव जरूरी - राज्यपाल

भोपाल, समाज में शांति सद्भाव और भाईचारे के वातावरण को मजबूत रखने से ही विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। पुलिस असामाजिक तत्व एवं राष्ट्रद्रोही ताकतों का पूरी कठोरता के साथ दमन करें। यह भी सुनिश्चित करें कि आमजन स्वयं को सुरक्षित महसूस करें। कभी किसी निर्दोष के साथ अन्याय नहीं हो। ये बातें राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने भोपाल में स्थित लाल परेड मैदान स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में पुलिस स्मृति दिवस आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं। उन्होंने देश और प्रदेश के सभी शहीद पुलिस अधिकारियों और जवानों को श्रद्धांजलि दी। शहीदों के परिजनों को भरोसा दिलाया कि मध्यप्रदेश सरकार पुलिस प्रशासन और संपूर्ण प्रशासन उनके साथ है।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने भोपाल में शहीद स्मारक प्रांगण में पुलिस स्मृति दिवस समारोह को संबोधित किया।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने पुलिस बल का आव्हान किया कि अपने अमर शहीद साथियों की शहादत से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्यों का पालन करें। पुलिस समाज का अभिन्न अंग है। उसकी सक्रिय भागीदारी के साथ ही विकास की सोच फलीभूत हो सकती है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था की स्थिति को सुदृढ़ बनाये रखने के लिये प्रदेश पुलिस द्वारा सराहनीय प्रयास किये जा रहे हैं। इन प्रयासों को और बेहतरी के साथ जारी रखना होगा। अपराधों की त्वरित विवेचना और अपराधियों को सजा दिलाने में वृद्धि प्रदेश पुलिस की सक्रियता से ही संभव हुई है। यह गर्व की बात है कि मध्यप्रदेश पुलिस की गणना देश के श्रेष्ठ बलों में की जाती है, जो पहचान पुलिस के जांबाज जवानों ने स्थापित की है उसे और अधिक निखारने की दिशा में सदैव तत्पर रहें।

राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश के नवाचार डायल-100 को देश के विभिन्न राज्यों ने अपनाया है। राज्य में एफआईआर आपके द्वारा पायलेट प्रोजेक्ट शुरू करना ऑनलाइन चरित्र सत्यापन की सुविधा जनसामान्य के लिये उपलब्ध कराना सराहनीय है। उन्होंने हाल ही में मध्यप्रदेश पुलिस की हॉकफोर्स ने बालाघाट जिले में आठ लाख रुपये के इनामी नक्सली बादल को गिरफ्तार करने में सफलता के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस ने दस्यु समस्या के निदान के साथ-साथ नक्सलियों के खात्मे की दिशा में उल्लेखनीय काम किया है। कोरोना संक्रमण की इस वैश्विक महामारी में प्रदेश की पुलिस ने सराहनीय कार्य किया है। वर्तमान सरकार ने पुलिस बल में वृद्धि के साथ ही उन्हें आधुनिकतम हथियारों और उपकरणों से लेस करने के निर्णय लिये हैं। इन प्रयासों को आगे भी जारी रखने की जरूरत है।

राज्यपाल ने कहा कि हर्ष का विषय है कि पुलिस स्वास्थ्य सुरक्षा योजना में पुलिसकर्मियों के परिजनों को भी लाभ दिया जा रहा है। पुलिस जवानों और अधिकारियों की लगातार कठिन ड्यूटी को देखते हुए उनके परिजनों की सुख-सुविधाओं और कल्याण के प्रति सरकार का पूरा ध्यान है। उन्होंने प्रदेश की शांतिप्रिय जनता की भी सराहना की।

पुलिस महानिदेशक श्री विवेक जौहरी ने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस देश की अखण्डता को चिरस्मरणीय बनाने का दिन है। उन्होंने शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए बताया कि पुलिस शहीद दिवस लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में 16 हजार फीट की ऊंचाई पर 21 अक्टूबर 1959 को केंद्रीय आरक्षी पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 10 जवान चीनी सेना के साथ मुठभेड़ में शहीद हो गए थे। उन्हीं की स्मृति में देश की समस्त पुलिस इकाइयों द्वारा प्रतिवर्ष यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष हमारे प्रदेश पुलिस के सात जवानों ने देश के लिए अपनी शहादत दी है। शहीद कर्मियों में उपनिरीक्षक स्व. शेर सिंह डोरिया, सउनि स्व. वसंत मिरोसे, सउनि स्व. मायाराम खरारी, आरक्षक स्व. जितेन्द्र सिंह गुर्जर, आरक्षक स्व. दिलीप, आरक्षक स्व. सत्येन्द्र सिंह यादव और आरक्षक स्व. प्रबल प्रताप सिंह शामिल हैं। इनके अलावा कोरोनाकाल में नागरिकों की रक्षा करते हुए संक्रमित होने के कारण उप पुलिस अधीक्षक स्व. प्रेम प्रकाश गौतम, एसडीओपी स्व. सुरेश शेजवाल, निरीक्षक स्व. देवेन्द्र चंद्रवंशी, निरीक्षक स्व. यशवंत पाल, सउनि स्व. आबू समन खान, प्रधान आरक्षक स्व. बाबूलाल भवेल, प्रधान आरक्षक स्व. दयाराम, आरक्षक स्व. जाफर खान, आरक्षक स्व. शिवराम देवलिया, आरक्षक स्व. विजय घोष और आरक्षक स्व. राकेश राय का निधन हुआ है।

आईटीआई में अब तक

उनतीस हजार से ज्यादा विद्यार्थियों ने लिया प्रवेश

भोपाल, प्रदेश के शासकीय आईटीआई संस्थानों में अब तक कुल 29 हजार 546 बच्चों ने विभिन्न ट्रेड्स में प्रवेश लिया है। इसमें सीटीएस में 28 हजार 558, आईएमसी में 547 तथा डीएसटी में 441 प्रवेश दर्ज किए गए हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोज़गार निर्माण बोर्ड श्रीमती पणमुख प्रिया मिश्रा ने बताया कि पूर्व में रजिस्टर्ड आवेदक चाहें तो अपने रजिस्ट्रेशन तथा च्वाइस फिलिंग में परिवर्तन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर अभ्यार्थियों की मैरिट सूची जारी की जायेगी। मैरिट सूची के अनुरूप अभ्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच की जायेगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को किया जा रहा है जागरुक

भोपाल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री मोहित बुंदस ने बताया कि विधानसभा क्षेत्रों में ग्रामीण मतदाताओं को मतदान के लिये स्वीप (सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम) के माध्यम से जागरुक किया जा रहा है। सेक्टर अधिकारी, बीएलओ, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आजीविका स्व-सहायता समूह के सदस्य मतदाता जागरुकता के इस अभियान में सतत् रूप से लगे हुए हैं। पोस्टर, बैनर, वॉल पेंटिंग, रंगोली, सामूहिक मतदाता शपथ, रैली, घर-घर दस्तक, चुनावी पाठशाला जैसे कार्यक्रमों से मतदाताओं को जागरुक किया जा रहा है।

अनूपपुर एवं जैतहरी जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं को मॉक पोल के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया से अवगत कराया जा रहा है। सेक्टर अधिकारियों द्वारा मतदान केंद्र स्तर पर जाकर ईवीएम एवं वीवीपेट का प्रदर्शन किया जा रहा है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने

प्रदेश के अधिकारियों से की कोरोना नियंत्रण संबंधी चर्चा

नई दिल्ली, केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने स्वास्थ्य मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में मध्यप्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टरों के साथ वर्चुअल माध्यम से विचार विमर्श किया। डॉ. हर्षवर्धन ने मध्यप्रदेश में कोविड की स्थिति की देश की स्थिति के साथ तुलना करते हुए कहा कि 'इस समय भारत की रिकवरी दर 89 प्रतिशत है, जबकि मध्यप्रदेश की 90.55 प्रतिशत है। यह प्रदेश द्वारा कोविड नियंत्रण के लिये किये गये बेहतर प्रयासों का परिणाम है।'

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कोविड के प्रसार को नियंत्रित करने के लिये नागरिकों को कोविड से बचाव के उपायों का पालन सुनिश्चित करवाने के लिये और अधिक जागरुक करने की आवश्यकता जताई।

नागरिकों के बीच जागरुकता विकसित करने के जन-आंदोलन की शुरुआत के लिए डॉ. हर्षवर्धन ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। जन-आंदोलन के अंतर्गत सही तरीके से मास्क पहनने, आपस में दो गज की दूरी रखने और बार-बार हाथ धोना शामिल है। डॉ. हर्षवर्धन ने राज्य के अधिकारियों से कहा कि आगामी सर्दी और त्योहारों के महीनों में सतर्क रहें। केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने भारत में कुल सक्रिय मामलों में मध्यप्रदेश के लगभग 10 प्रतिशत सक्रिय मामलों के स्थान पर 2 प्रतिशत सक्रिय मामले रह जाने पर राज्य को बधाई दी। इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, सागर, खरगोन और उज्जैन में मामलों की स्थिति में और सुधार के लिये अधिक कार्य करने के निर्देश दिये।

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि राज्य की पॉजिटिविटी दर 6.17 प्रतिशत है, जो कि राष्ट्रीय औसत से अधिक है। हालांकि राज्य में 50 प्रतिशत से अधिक जांच आरटी पीसीआर से की जा रही हैं। श्री सुलेमान ने केंद्रीय मंत्री को आगामी महीनों में कोविड को काबू पाने के लिए उठाए जाने वाले कदमों से अवगत कराया।

नेशनल मीडिया अवॉर्ड के लिये 20 नवम्बर तक प्रविष्टियां आमंत्रित

भोपाल, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नेशनल मीडिया अवॉर्ड के लिये 4 श्रेणियों में 20 नवम्बर 2020 तक प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। मीडिया समूह की मतदाता जागरुकता अभियान की गुणवत्ता, कवरेज/मात्रा की सीमा जनता पर प्रभाव के सबूत और कोई अन्य प्रासंगिक कारक संबंधी कार्यों के आधार पर प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक, रेडियो और सोशल मीडिया के क्षेत्र में विशेष कार्य करने पर यह पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे।

पुरस्कार के लिये प्रविष्टियां श्री पवन दीवान अवर सचिव (संचार) भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोका रोड, नई दिल्ली पिन कोड 110001 के पते पर 20 नवम्बर 2020 तक पहुंच जाना चाहिये। प्रविष्टियों में नाम, पता, फोन, फैक्स नम्बर और ई-मेल एड्रेस अवश्य लिखा हो। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी, 2021 को यह पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे।

प्रदेश में अब तक पिछले वर्ष की तुलना में

सहकारी क्षेत्र में यूरिया और डी.ए.पी. की पर्याप्त उपलब्धता

भोपाल, सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविन्द सिंह भदौरिया ने कहा है कि प्रदेश में सहकारी क्षेत्र के वितरण केंद्रों में यूरिया एवं डी.ए.पी. की पर्याप्त उपलब्धता है। वर्तमान स्थिति में वितरण/भंडारण केंद्रों में 2.21 लाख मीट्रिक टन उर्वरक किसानों को विक्रय के लिये उपलब्ध है। जिसमें 75 हजार टन यूरिया तथा 1.16 लाख टन डी.ए.पी. उर्वरक शामिल है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त दिन प्रतिदिन उर्वरक निर्माताओं से रैक के माध्यम से सहकारिता क्षेत्र में यूरिया, डी.ए.पी. की आवक लगातार जारी है।

डॉ. भदौरिया ने बताया कि प्रदेश में सहकारिता क्षेत्र के माध्यम से गत वर्ष में एक अक्टूबर 2019 से 21 अक्टूबर 2019 तक यूरिया, डी.ए.पी. तथा अन्य रासायनिक उर्वरक सहित कुल मिलाकर 1.19 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का वितरण किया गया था, जबकि चालू वर्ष में उक्त अवधि में 2.25 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का विक्रय किया जा चुका है, जो कि गत वर्ष की तुलना में लगभग दो गुना है।

सहकारिता मंत्री ने बताया कि वर्ष 2018-19 में रबी मौसम में एक अक्टूबर से 21 अक्टूबर की अवधि में 51 हजार 940 मीट्रिक टन, वर्ष 2019-20 में एक लाख 11 हजार 822 मीट्रिक टन तथा वर्ष 2020-2021 में एक लाख 37 हजार 828 मीट्रिक टन यूरिया का वितरण किया गया है। गत वर्ष की तुलना में चालू रबी मौसम में 23.26 प्रतिशत अधिक यूरिया का वितरण किया गया है।

डॉ. भदौरिया ने बताया कि इसी प्रकार वर्ष 2018-19 में रबी मौसम में एक अक्टूबर से 21 अक्टूबर की अवधि में 70 हजार 572 मीट्रिक टन, वर्ष 2019-20 में 51 हजार 552 मीट्रिक टन तथा वर्ष 2020-21 में 83 हजार 171 मीट्रिक टन डी.ए.पी. का वितरण किया गया है। इस प्रकार प्रदेश में गत वर्ष की तुलना में 61.33 प्रतिशत अधिक डी.ए.पी. का वितरण किया गया है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

17 अक्टूबर

भारत और ईरान के बीच कार्गो परिवहन पर छूट एक वर्ष के लिए बढ़ी

●केंद्र सरकार ने भारत के जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह और दीनदयाल बंदरगाह

से लेकर ईरान के शाहिद बेहिश्ती बंदरगाह (चाबहार) के बीच तटीय आवाजाही के दौरान होने वाले कार्गो परिवहन तथा मालवाहक जहाजों से संबंधित शुल्क पर 40 प्रतिशत की छूट को एक वर्ष के लिये बढ़ा दिया गया है। इस छूट की अवधि में विस्तार का उद्देश्य ईरान के चाबहार बंदरगाह के माध्यम से व्यापार को बढ़ावा देना है। इस कदम से जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह तथा दीनदयाल बंदरगाह से मालवाहक जहाजों के आवागमन को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

●थाईलैंड में सरकार और राजसत्ता संविधान में संशोधन के खिलाफ जनता के बीच आक्रोश बढ़ने लगा है। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में लोगों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री प्रयुत चान ओचा के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन तीव्र होता देखकर थाईलैंड की सरकार ने बैंकॉक में आपातकाल लगा दिया है। आपातकाल लगाने के बाद प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प की कई घटनाएं हुई। प्रधानमंत्री ओचा ने कहा कि आपातकालीन उपायों के तहत सरकार विरोधी प्रदर्शनों पर प्रतिबंध 30 दिनों तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे दस हजार प्रदर्शनों के बाद भी वे इस्तीफा नहीं देंगे।

●जापान सरकार ने नष्ट हो चुके फुकुशिमा न्यूक्लियर पॉवर प्लांट का रेडियोएक्टिव पानी फिल्टर कर समुद्र में प्रवाहित करने का फैसला लिया है। जापानी सरकार के इस फैसले का पर्यावरणविदों और मछुआरों ने विरोध किया है। यह जानकारी एक मीडिया रिपोर्ट में दी गई है। जापान में वर्ष 2011 में आये भीषण भूकंप और सुनामी से फुकुशिमा न्यूक्लियर पॉवर प्लांट को काफी नुकसान हुआ था। इस संयंत्र से रेडियोएक्टिव पानी के निपटान के लिये विशेषज्ञों के एक पैनल ने जापान सरकार को इसे समुद्र में प्रवाहित करने की सिफारिश की थी।

18 अक्टूबर

एनटीए ने सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा की तारीख में किया परिवर्तन

●नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा की तारीख में बदलाव करते हुये नई तिथि का ऐलान किया है। एनटीए द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा अब देशभर के परीक्षा केंद्रों पर 19, 21 और 26 नवम्बर को आयोजित होगी। अधिसूचना के अनुसार परीक्षा के लिये एडमिट कार्ड एनटीए की अधिकारिक वेबसाइट पर परीक्षा शुरू होने से कुछ समय पहले जारी किये जायेंगे।

●यमन में सरकार और हौती विद्रोहियों के बीच काफी समय से चल रहे संघर्ष के बीच लगभग 1 हजार कैदियों से अधिक की अदला-बदली हुई। दोनों पक्षों के बीच वर्ष 2015 के बाद ये कैदियों की सबसे बड़ी अदला-बदली है। संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता में यमन की राजधानी सना और एडेन शहर में 680 हौती विद्रोहियों और 400 यमन सरकार समर्थकों को रिहा किया गया। उल्लेखनीय है कि यमन में वर्ष 2015 के बाद से ही सरकार समर्थक और हौती विद्रोहियों के बीच संघर्ष चल रहा है।

●यूरोपीय देशों में एक बार फिर कोरोना महामारी का संक्रमण फैलने लगा है। स्पेन में कोरोना के रिकॉर्ड 15 हजार से अधिक मामले सामने आने के बाद स्पेनिश सरकार ने कई क्षेत्रों को प्रतिबंधित कर दिया है। सरकार ने संक्रमण रोकने के लिये बार और रेस्टोरेंट को अगले 15 दिनों के लिये बंद कर दिया है। सरकार के इस निर्णय के खिलाफ होटल उद्योग और नागरिकों ने विरोध प्रदर्शित किया। उल्लेखनीय है कि स्पेन में कोरोना के मामले 9 लाख को पार कर गये हैं।

19 अक्टूबर

एयर बबल व्यवस्था के तहत भारत और बांग्लादेश के बीच शुरू होगी विमान सेवा

●भारत और बांग्लादेश के बीच 28 अक्टूबर से एयर बबल व्यवस्था के तहत

विमान सेवा शुरू की जायेगी। दोनों देशों के बीच हुये द्विपक्षीय एयर बबल समझौते के तहत दोनों देशों की विमानन कंपनियां कुछ प्रतिबंधों के साथ अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन कर सकती हैं। भारत ने जुलाई माह से अब तक अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी सहित कई देशों के साथ इसी तरीके से हवाई यात्रा शुरू की है। बांग्लादेश के नागर विमानन प्राधिकरण के अध्यक्ष एयर वाइस मार्शल एम. मफीदुर रहमान ने कहा कि इस समझौते के तहत शुरुआत में दोनों देशों के लगभग 5 हजार यात्री यात्रा कर सकेंगे। यात्रियों को विमान में सवार होने से पहले कोविड-19 जांच करानी होगी।

●दो दशकों से गृहयुद्ध का दंश झेल रहे अफगानिस्तान में बम विस्फोटों का सिलसिला जारी है। अफगानिस्तान के घोर प्रांत की राजधानी फिरोज कोआह में एक शक्तिशाली बम विस्फोट हुआ। इस विस्फोट से 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि 90 से ज्यादा लोग घायल हुये हैं। यह विस्फोट प्रांतीय पुलिस प्रमुख के कार्यालय के बाहर एक वाहन में हुआ। इस बम विस्फोट की जिम्मेदारी किसी भी संगठन ने नहीं ली है। यह बम विस्फोट ऐसे समय में हुआ है, जब कतर में तालिबान और अफगानिस्तान सरकार के प्रतिनिधियों के बीच शांति वार्ता चल रही है।

●आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच नागोर्नी-काराखाब इलाके पर कब्जे को लेकर चल रहे युद्ध के बीच अजरबैजान ने दावा किया है कि आर्मेनिया ने उसके गाजा शहर पर मिसाइल हमले किये। इन हमलों में कई नागरिकों की मौत हुई है। अजरबैजान ने कहा कि आर्मेनियाई सेना के दो रॉकेट गाजा शहर के आवादी वाले इलाकों में गिरे हैं।

20 अक्टूबर

डीआरडीओ ने एंटी टैंक मिसाइल का किया सफल परीक्षण

●रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा तट से दूर स्टैंड

ऑफ एंटी टैंक (सैंट) मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। डीआरडीओ ने यह मिसाइल भारतीय वायुसेना के लिये विकसित की है। यह मिसाइल लॉन्च के बाद लॉक-ऑन तथा लॉन्च के पहले लॉक-ऑन दोनों क्षमताओं से लैस है। डीआरडीओ ने बताया कि यह मिसाइल तीन किलोमीटर तक बैठे टारगेट को आसानी से निशाना बना सकती है। इस मिसाइल को कई सारे प्लेटफॉर्म पर लॉन्च क्षमता के साथ विकसित किया गया है। यह मिसाइल मॉडर्न टैंक से लेकर भविष्य में विकसित होने वाले टैंक्स को भी ध्वस्त करने में सक्षम होगी। इस मिसाइल के जरिये कम ऊंचाई पर उड़ने वाले हेलिकॉप्टर्स को भी ढेर किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों में भारत ने एक दर्जन से ज्यादा मिसाइलों के सफल परीक्षण किये हैं।

●वर्ष 2021 में आयोजित होने वाली हज यात्रा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। जल्द ही हज-2021 के लिये आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री श्री मुख्तार अब्बास नकवी ने बताया कि हज-2021 में अंतर्राष्ट्रीय कोविड-19 प्रोटोकॉल गाइडलाइंस लागू होंगी। उन्होंने कहा कि जून-जुलाई महीने में होने वाली हज यात्रा में कोरोना महामारी और इसके प्रभाव की समीक्षा होगी। सऊदी अरब सरकार और भारत सरकार लोगों की सेहत और सुरक्षा के मद्देनजर दिशा-निर्देशों को प्राथमिकता से देखते हुये इस पर अंतिम निर्णय लेगी।

●वियतनाम में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में आने से 90 से अधिक लोगों की मौत हो गई तथा 34 लोग घायल हुये हैं। बाढ़ के कारण 37 हजार 500 घर भी ध्वस्त हो गये हैं। वियतनाम सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि बारिश के कारण नदियों का जलस्तर 20 वर्षों में सबसे अधिक है। बाढ़ के कारण सबसे ज्यादा मौतें क्वांग त्रि, थुआ थिएन ह्यू और क्वांग विन्ह प्रांत में हुई हैं।

21 अक्टूबर

एक लाख मीट्रिक टन ऑक्सीजन का आयात करेगी केंद्र सरकार

●देश में त्योहारों और सर्दी के मौसम में कोरोना संक्रमण के बढ़ने की संभावना को देखते हुये केंद्र सरकार ने एक लाख मीट्रिक टन ऑक्सीजन खरीदने का फैसला किया है। यह निर्णय देश में ऑक्सीजन की आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिये लिया गया है। विश्व स्वास्थ संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार 20 प्रतिशत कोरोना मरीजों को आईसीयू में रखने की जरूरत पड़ती है, इनमें से पांच प्रतिशत मरीजों को वेंटिलेटर पर रखना पड़ता है, इन्हीं मरीजों के लिये केंद्र सरकार ने ऑक्सीजन खरीदने का फैसला लिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव श्री राजेश भूषण ने बताया कि देश में किसी भी स्थिति में ऑक्सीजन की आपूर्ति बनाये रखने के इंतजाम किये जा रहे हैं। इसके अलावा देश में ऑक्सीजन उत्पादन क्षमता बढ़ाने के प्रयास भी किये जा रहे हैं।

●केंद्र सरकार ने लद्दाख और कश्मीर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में 10 सुरंग बनाने की योजना बनाई। इन सुरंगों के निर्माण का उद्देश्य चीन और पाकिस्तान से लगती सीमा पर भारतीय सेना की पहुंच को साल भर सुगम बनाना है। इन सुरंगों के निर्माण के लिये सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने एक प्रस्ताव तैयार किया है। प्रस्ताव के अनुसार कुछ सुरंगें 17 हजार फीट की ऊंचाई के स्तर पर बनेंगी, जिससे आगे के स्थानों को जोड़ा जायेगा। इनमें से एक 7 किलोमीटर लंबी खारदुंग ला सुरंग होगी, जो लेह को नुब्रा घाटी से जोड़ेगी। वहीं एक 8 किलोमीटर लंबी होगी, जो कारू को लद्दाख के टंगस्टे में जोड़ेगी। इस सुरंग से पैंगॉन्ग झील के नजदीकी क्षेत्रों में प्रलेक मौसम में पहुंच आसान होगी।

22 अक्टूबर

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत जियो टैगिंग के लिये मोबाइल एप लॉन्च

●सरकार ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के तहत परियोजनाओं के घटकों की जियो टैगिंग के लिये एक मोबाइल एप लॉन्च किया है। केंद्रीय जलशक्ति राज्यमंत्री श्री रतनलाल कटारिया ने इस एप का लोकार्पण किया। इस अवसर पर श्री कटारिया ने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्यों के साथ परामर्श कर प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत देश में जारी 99 बड़ी और मध्यम सिंचाई परियोजनाओं को प्राथमिकता दी है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने पर देश में 34.64 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। श्री कटारिया ने कहा कि इस एप के जरिये परियोजना स्थान, नहर संरचना, पूर्णता स्थिति, परियोजना की निगरानी आदि कार्य किये जा सकते हैं।

●भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर के शोधकर्ताओं ने कोरोना संक्रमण की जांच के लिये 'कोविरेप' तकनीक विकसित की है। इस तकनीक की मदद से महज एक घंटे में कोरोना की सटीक जांच की जा सकती है। आईआईटी खड़गपुर की इस तकनीक को भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आईसीएमआर) ने मंजूरी प्रदान की है। आईआईटी खड़गपुर के अधिकारियों ने बताया कि कोविरेप से एक घंटे में जांच के नतीजे मिल सकते हैं। यह दूर-दराज तथा ग्रामीण इलाकों में कोरोना संक्रमण की जांच के कार्य में तेजी लाने के लिये एक प्रभावी हथियार साबित हो सकती है। इस उपकरण को किसी भी स्थान पर आसानी से ले जाया जा सकता है। इसके साथ ही इस तकनीक से जांच में महज 500 रुपये व्यय होंगे।

23 अक्टूबर

भारत ने 35 वर्षों बाद अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के शासी निकाय की अध्यक्षता ग्रहण की

●भारत और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन-आईएलओ के बीच 100 वर्षों के उपयोगी संबंधों के एक नए अध्याय को चिन्हित करते हुए, भारत ने 35 वर्षों बाद अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के शासी निकाय की अध्यक्षता ग्रहण की है। श्रम और रोज़गार सचिव श्री अपूर्व चंद्रा को अक्टूबर 2020 से जून 2021 तक की अवधि के लिए अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन-आईएलओ के शासी निकाय के अध्यक्ष के रूप में चुना गया है। आईएलओ के शासी निकाय का अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय स्तर का जाना माना पद है।

●नागरिक उड्डयन मंत्रालय (एमओसीए) और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने राष्ट्रीय ताप बिजली निगम (एनटीपीसी) को मध्यप्रदेश स्थित विंध्याचल उच्च ताप बिजली केन्द्र और गाडरवाड़ा उच्च ताप बिजली संयंत्र के अलावा छत्तीसगढ़ स्थित सिपत उच्च ताप बिजली परियोजनाओं में अनुसंधान और निरीक्षण गतिविधियों के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर दूरस्थ पायलट विमान प्रणाली (आरपीएएस) की तैनाती करने की सशर्त छूट प्रदान की है।

●भारत ने जनवरी 2020 से अब तक कोविड-19 के अधिक-से-अधिक टेस्ट कराने के मामले में भारी वृद्धि दर्ज की है। 23 अक्टूबर को कुल 10 करोड़ टेस्ट कराने का लक्ष्य पार कर लिया गया है। एक अन्य उपलब्धि में पिछले 24 घंटों में 14,42,722 टेस्ट कराए गए। देश में 2000 के करीब प्रयोगशालाएं खोले जाने के बाद हमारी टेस्ट कराने की क्षमता में भारी सुधार हुआ है। इसके अलावा, केंद्र और राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के समन्वित प्रयासों से यह संभव हो सका है। अब प्रतिदिन 15 लाख से ज्यादा नमूनों की जांच का काम किया जा सकता है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

ICON EDUCATION SOCIETY
Leader in the field of higher education for last 17 years invites applications for recruit Academicians & other posts for its following Minority Educational Institutes

INDORE INSTITUTE OF LAW
(Affiliated to DAVV and Bar Council of India, New Delhi)
Rank No. 1 Pvt. Law College of M.P./C.G./ Rajasthan requires Academicians under College Code 28 for B.A.LL.B. (Hons.), BBA.LL.B. (Hons.), LL.B. (Hons.), & LLM **Principal / Professors / Assot. Professors / Asst. Professors** For Law, Management, History, Eco., Pol. Sc., English, Hindi, Commerce, Social Work. **Foreign Language (French/ German/Spanish) Trainer / Placement Officer**
Qualification: As per UGC and BCI norms

IDYLLIC INSTITUTE OF MANAGEMENT (PG)
(Affiliated to DAVV & Recognized by AICTE New Delhi)
A premier institute of imparting Commerce, Management & newly started MBA Programs requires **Director / Professors / Assot. Professors / Asst. Professors** under College Code 28 for BBA, B.Com. (Plain / Tax Procedure / Computer Application / Advertising & P.R.), Hindi, English UG courses
Qualification: As per UGC and AICTE norms

INDORE NURSING COLLEGE
(Affiliated to MP Medical Science University, Jabalpur & INC, New Delhi)
A Premier Nursing College of Central India requires following professionals for M.Sc. (N), B.Sc. (N), P.B. B.Sc. (N) & GNM Courses **Principal/Vice Principal/Assot. Professors/Asst. Professors/Tutors**
Qualification & Salary : As per INC/UGC/ MP Medical Science University and Govt. norms
Salary is no bar for deserving Candidates
Requires Warden : Graduate/ Post Graduate Male & Female to take care of the entire hostel activities. Must having good communication & computer skills.
CV with attested copies of testimonials and photograph should reach within 7 days to : HR IES, Gendalal Bam Parisar, Opp. IIM, Rau-Pithampur Road, Rau, Indore
E-mail : hriconeducationsociety@gmail.com Contact No. 8359831234
PANKAJ
R-44583/2020

वर्ष 37, अंक 43 26.10.2020 से 01.11.2020
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (रु. पांच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011,
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : mpmdtp@yahoo.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

मध्यप्रदेश विधानसभा उपचुनाव मतदान केंद्र व्यवस्था

मध्यप्रदेश में 3 नवम्बर को 28 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होने जा रहे हैं। इन उपचुनाव के लिये मतदान केंद्र व्यवस्था के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये हैं। मतदान केंद्र में इस बार इस तरह की व्यवस्था की जायेगी। इसके तहत पहले आओ, पहले वोट डालो आधार पर हेल्प डेस्क से टोकन वितरित किये जायेंगे, जिससे वोटरों को लाइन में न लगना पड़े। लाइन में सामाजिक दूरी तय करने के लिये निश्चित स्थान पर निशान लगाये जायेंगे। जगह होने पर लाइन में 15-20 मतदाता के लिये 6 फीट की दूरी पर निर्धारित गोले बनाये जायेंगे। 3 लाइन रहेगी, इसमें 1 लाइन पुरुषों के लिये, 1 लाइन महिलाओं के लिये और 1 लाइन दिव्यांग/वरिष्ठ नागरिक वोटरों के लिये होगी। कड़ाई से सामाजिक दूरी का पालन करवाने के लिये बीएलओ और स्वयंसेवकों की सेवायें ली जा सकती हैं। महिलाओं और पुरुषों के लिये अलग-अलग एक छाया वाला प्रतीक्षा करने का स्थान बनाया जायेगा। यह स्थान मतदान केंद्र परिसर में ही रहेगा, जिससे वोटर बिना अपनी सुरक्षा के बारे में चिंता करे मतदान कर सकेंगे। मतदान केंद्र पर बूथ 1 का उपयोग भी किया जायेगा। प्रत्येक मतदान केंद्र के प्रवेश और निकासी स्थल पर साबुन और पानी का इंतजाम रहेगा। प्रत्येक मतदान केंद्र के प्रवेश और निकासी स्थल पर सेनेटाइजर की व्यवस्था भी की जायेगी। जो मतदाता मास्क लेकर नहीं आ रहे हैं उनके लिये रिज़र्व में फेस मास्क रखा जायेगा। कोविड-19 से संबंधित जागरूकता वाले पोस्टर भी मतदान केंद्र पर उपर्युक्त स्थलों पर लगाये जायेंगे। मतदानकर्मियों और पोलिंग एजेंटों के लिये मतदान केंद्रों में बैठने की व्यवस्था सोशल डिस्टेंसिंग के मानकों के लिये की जायेगी। यदि पोलिंग एजेंट या मतगणना एजेंट का तापमान निर्धारित सीमा से अधिक पाया जाता है तो पीठासीन अधिकारी द्वारा उनको रिलीव करने की अनुमति दी जायेगी। जब आवश्यक होगा तब मतदाता की पहचान प्रक्रिया के दौरान मतदाता का फेस मास्क नीचे करवाया जायेगा। प्रत्येक मतदान अधिकारी के सामने किसी भी समय केवल 1 मतदाता को खड़े होने की अनुमति दी जायेगी। मतदाता को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अनिवार्यतः करना होगा। मतदाता को रजिस्टर पर हस्ताक्षर करने और मतदान के लिये ईवीएम का बटन दबाने के लिये हाथ पर लगाये जाने वाले दस्ताने दिये जायेंगे। मतदाताओं द्वारा उपयोग के लिये स्पष्ट निर्देश के साथ उचित स्थानों पर बूथ के अंदर सेनेटाइजर रखे जायेंगे। कोविड-19 रोगियों को जिन्हें क्वारेंटाइन किया गया है, उनको अपने संबंधित मतदान केंद्रों पर मतदान के अंतिम घंटे में मतदान करने की अनुमति दी जायेगी। स्वास्थ्य अधिकारियों की देख-रेख में कोविड-19 संबंधित निवारक उपायों का कड़ाई से पालन किया जायेगा। सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने आवंटित मतदान केंद्रों में इसका समन्वयन करेंगे। उन मतदाताओं के मामले में जो रोकथाम क्षेत्र के रूप में अधिसूचित क्षेत्र में रह रहे हैं उनके लिये दिशा-निर्देश अलग से जारी किये जायेंगे। उल्लेखनीय है कि 28 विधानसभा क्षेत्रों में संपन्न होने जा रहे विधानसभा उपचुनाव में 1 लाख 51 हजार से अधिक नये मतदाता जुड़े हैं। ये मतदाता पहली बार अपने मत का उपयोग करेंगे। 10 नवम्बर को इन विधानसभा चुनावों की मतगणना होगी और परिणाम की घोषणा के साथ ही विधानसभा उपचुनाव का कार्य हो जायेगा।

ब्रह्मांड को जानें

पृथ्वी

नदियां, झीलें और जलप्रपात- दुनिया की दो सबसे लंबी नदियां हैं- दक्षिणी अटलांटिक सागर तक बहने वाली अमेजन और भूमध्य सागर तक बहने वाली नील। इनमें से कौन सबसे अधिक लंबी है। यह साधारण माप का मामला न होकर परिभाषा का मामला है। अमेजन नदी की लंबाई 1969 में 6,447 किलोमीटर मापी गयी थी। बाद की गणना में इसे 6,750 किलोमीटर मापा गया। बेल्जियम के एम. डेवराय की माप के अनुसार नील नदी की लंबाई 6,670 किलोमीटर माने तो नील नदी 223 किलोमीटर अधिक लंबी है। यदि दूसरे आंकड़े 6,750 किलोमीटर पर विचार किया जाये तो अमेजन 80 किलोमीटर अधिक लंबी है। फिर भी नदियों का गुण विवेचन करने में प्राथमिक मापदंड यह है कि वे कितना पानी ले जाती हैं और नौ-संचालन तथा कृषि के लिये वे कितने क्षेत्र को सुविधा प्रदान करती है। इन आधारों पर नील नदी अमेजन से काफी बड़े अंतर से पीछे रह जाती है। अमेजन में सर्वाधिक लंबा 3,700 किलोमीटर, नौगम्य जल क्षेत्र है। विश्व में सभी नदियों की अपेक्षा इसका जलप्रवाह अत्यधिक है। इसका मुहाना विश्व में सबसे बड़ा 70 लाख वर्ग किलोमीटर का है। इसकी लगभग 15,000 सहायक नदियां हैं। सबसे लंबी सहायक नदी मंडीरा की लंबाई 3,200 किलोमीटर है।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के 75 वर्ष

हर एक के लिये सुरक्षित और समृद्ध हो यह विश्व

आ चल के तुझे, मैं ले के चलूं
एक ऐसे गगन के तले
जहां ग़म भी न हो, आंसू भी न हो

किशोर कुमार द्वारा लिखा और उन्हीं की आवाज में गाया हुआ यह नगमा हर किसी को पसंद है। जिसमें हम अपनी कैसी दुनिया चाहते हैं, इसका जिक्र है। यही संयुक्त राष्ट्र के 75वें वर्ष की थीम भी है। 'The World We Want' एक ऐसा सवाल है जो हम सभी को खुद से पूछना चाहिए कि हम कैसी दुनिया चाहते हैं। हम अपनी दुनिया में क्या चाहते हैं। एक ऐसी दुनिया जहां हर बच्चे को भोजन मिले, प्रकृति में प्रदूषण न हो सांस लेने के लिए खुली हवा हो, जहां हर स्त्री बिना किसी भेदभाव के मुक्त गगन में अपने सपनों को साकार कर सके। जहां धर्म या जाति के नाम पर कोई भेदभाव न किया जाता हो। जहां गरीबी और भुखमरी का नाम ही न हो और ऐसी दुनिया बनाने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा, क्योंकि दुनिया एक मकान की तरह है और इसे घर हम सबको मिलकर बनाना होगा।

कोविड 19 के साये में संयुक्त राष्ट्र का 75वां जन्मदिन

इस समय जब पूरा विश्व सदी की सबसे बड़ी महामारी में से एक नोवल कोरोना वायरस से संघर्ष कर रहा है। इस बीच संयुक्त राष्ट्र अपनी स्थापना के 75 वर्ष पूरे कर रहा है। वैश्विक आपदा की इस घड़ी में ऐसे संगठन का महत्व और भी ज्यादा बढ़ जाता है, जो पूरी मानव जाति के हित में आगे होकर कार्य करे।

सोचा तो था कि आगे विश्व युद्ध न हो

प्रथम विश्वयुद्ध की समाप्ती के बाद वर्ष 1929 में राष्ट्र संघ का गठन किया गया था। यह काफी कमजोर संगठन था। इसका उद्देश्य भविष्य में होने वाले किसी भी दूसरे विश्व युद्ध को रोकना था, ताकि जो त्रासदी और हानि संपूर्ण विश्व को प्रथम विश्व युद्ध के बाद देखने को मिली, उसका सामना मानव जाति को दोबारा न करना पड़े, लेकिन सन् 1930 में दुनिया के युद्ध की तरफ बढ़ते कदमों को रोकने में राष्ट्र संघ नाकामयाब रहा और इसे भंग कर दिया गया। द्वितीय विश्व युद्ध के भयानक दौर और वीभत्स त्रासदी के पश्चात विश्व शांति की स्थापना के उद्देश्य से 'संयुक्त राष्ट्र' की स्थापना की गई थी। संयुक्त राष्ट्र ने राष्ट्र संघ के ही मूल ढांचे और उद्देश्यों को आत्मसात किया था। संयुक्त राष्ट्र का उद्देश्य पूरी दुनिया में शांति और सामंजस्य स्थापित करना है, लेकिन इस चुनौतीपूर्ण कार्य को करने में कई तरह की आलोचनाओं और चुनौतियों का सामना उसे निरंतर करते रहना होता है।

स्थापना के समय थे 50 देश सदस्य

संयुक्त राष्ट्र के गठन के वक्त इसके 50 सदस्य देश थे, जिनकी संख्या हर वर्ष बढ़ती गई। अब इसके सदस्य देशों की संख्या 195 है। भारत इसके शुरुआती दिनों में ही जुड़ गया था। संयुक्त राष्ट्र का प्रमुख उद्देश्य विश्व में शांति स्थापित करना है। इसके अलावा सभी देशों के बीच मित्रता पूर्ण संबंध कायम करना, आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े हुए देश के लोगों की मदद करना और उनकी स्थिति को बेहतर बनाना इनके उद्देश्यों में प्रमुख रूप से शामिल है।

यूएन चार्टर के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है यह दिवस

सन् 1948 से ही 24 अक्टूबर का दिन संयुक्त राष्ट्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह यूएन चार्टर के जन्म दिवस

सर्जना चतुर्वेदी
(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

के रूप में मनाया जाता है जो की सन् 1945 से प्रभावी है। यह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 5 स्थाई सदस्यों के समर्थन से बनाया गया था। इस समारोह को मनाए जाने का मुख्य कारण संयुक्त राष्ट्र व उसके इकाइयों के द्वारा निरस्त्रीकरण, युद्ध विराम, विवादों के समाधान जो की मानव अधिकारों के लिए हों के साथ ही सूखे, प्राकृतिक आपदा में बेघर हुए लोगों की पुनर्स्थापना, शरणार्थी समस्याओं के समाधान इत्यादि पर ध्यान आकर्षित करना है।

भारत और संयुक्त राष्ट्र

भारत, संयुक्त राष्ट्र के उपनिवेशवाद और रंगभेद के विरुद्ध संघर्ष के अशांत दौर में सबसे आगे रहा। भारत औपनिवेशिक देशों और कौमों को आजादी दिए जाने के संबंध में संयुक्त राष्ट्र की ऐतिहासिक घोषणा सन् 1960 का सह-प्रायोजक था, जो उपनिवेशवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों को बिना शर्त समाप्त किए जाने की आवश्यकता की घोषणा करता है। भारत राजनीतिक स्वतंत्रता समिति का पहला अध्यक्ष भी निर्वाचित हुआ था, जहां उपनिवेशवाद की समाप्ति के लिए उसके अनवरत प्रयास रिकार्ड पर हैं। भारत, दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद और नस्लीय भेदभाव के सर्वाधिक मुखर आलोचकों में से था। वस्तुतः भारत संयुक्त राष्ट्र (सन् 1946) में इस मुद्दे को उठाने वाला पहला देश था और रंगभेद के विरुद्ध आम सभा द्वारा स्थापित उप समिति के गठन में अग्रणी भूमिका निभाई थी। जब सन् 1965 में सभी प्रकार के नस्लीय भेदभाव के उन्मूलन से संबंधित कन्वेंशन पारित किया गया था, भारत सबसे पहले हस्ताक्षर करने वालों में शामिल था। गुट निरपेक्ष आंदोलन और समूह-77 के संस्थापक सदस्य के रूप में संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था में भारत की हैसियत, विकासशील देशों के सरोकारों और आकांक्षाओं तथा अधिकाधिक न्यायसंगत अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक एवं राजनीतिक व्यवस्था की स्थापना के अग्रणी समर्थक के रूप में मजबूत हुई।

लगातर बढ़ती जा रही है सदस्य देशों की संख्या

वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र में 195 सदस्य हैं। राष्ट्रों के स्वतंत्र होने के साथ ही पूर्व सोवियत संघ के विघटन के बाद इसके सदस्यों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हुई। संयुक्त राष्ट्र को चलाने के लिए सदस्य देश योगदान करते हैं। किसी देश की क्षमता के आधार पर योगदान तय किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका का योगदान सबसे अधिक है। संयुक्त राष्ट्र की कई स्वतंत्र संस्थाएं भी हैं जो हर मुद्दे को अलग-अलग स्तर पर सुलझाती हैं जैसे-खाद्य एवं कृषि संगठन, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संघ, विश्व बैंक, यूनेस्को, विश्व स्वास्थ्य संगठन आदि। संयुक्त राष्ट्र संगठन ने दुनियाभर में कई अहम मौकों पर मानव जीवन की सेवा कर एक आदर्श प्रस्तुत किया है। वर्तमान विश्व में कई देश हैं, जो दूसरे देशों पर प्रभुत्व जताने और उन्हें हड़पने को तैयार रहते हैं परन्तु संयुक्त राष्ट्र की कड़ी नजर की वजह से वह कुछ भी नहीं कर पाते। चाहे विश्व में शिक्षा को बढ़ावा देना हो या बीमारी के प्रति जागरूकता फैलानी हो या तकनीक को आगे बढ़ाना हो, यह हमेशा आगे रहता है। इसके अलावा दुनियाभर के उपेक्षितों को भी मुख्य धारा में लाने के लिए कार्यरत है।

संयुक्त राष्ट्र के अंतर्गत कार्य करने वाले विभिन्न संगठन

1. खाद्य और कृषि संगठन
2. अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन
3. विश्व स्वास्थ्य संगठन
4. शिक्षा, विज्ञान और संस्कृति संबंधी संगठन- यूनेस्को
5. पुनर्निर्माण और विकास के लिए अन्तर्राष्ट्रीय बैंक- विश्व बैंक
6. अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
7. अन्तर्राष्ट्रीय वित्त निगम
8. अन्तर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ
9. अन्तर्राष्ट्रीय दूरसंचार उड्डयन संगठन
10. विश्व मौसम विज्ञान संघ
11. अन्तर्राष्ट्रीय बाल संकट कोष
12. अन्तर्राष्ट्रीय समुद्र-परामर्श संगठन
13. अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा अभिकरण
14. विश्व डाक संघ
15. संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी-उच्चायुक्त

संयुक्त राष्ट्र के 6 प्रमुख अंग हैं

1. महासभा
2. सुरक्षा परिषद
3. आर्थिक और सामाजिक परिषद
4. प्रन्यास परिषद
5. अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय
6. सचिवालय

महासभा संयुक्त राष्ट्र का सबसे अहम हिस्सा है। महासभा किसी भी मुद्दे पर बहस के लिए संयुक्त राष्ट्र का प्रमुख मंच है। संयुक्त राष्ट्र में यह एक अकेली संस्था है जिसमें सभी देशों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। प्रत्येक सदस्य का एक वोट होता है। संयुक्त राष्ट्र में सदस्य देश अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा से लेकर संयुक्त राष्ट्र के बजट तक किसी भी मुद्दे पर विचार-विमर्श कर सकते हैं। महासभा विचार-विमर्श के बाद अपनी सिफारिशें जारी कर सकती है लेकिन वो किसी देश को इन सिफारिशों को मानने के लिए बाध्य नहीं कर सकती। महासभा, सदस्य देशों के बीच बड़ी चिंताओं को घोषणा के रूप में अपना सकती है। यदि संयुक्त राष्ट्र की कोई ऐसी संस्था है जिसकी कार्यप्रणाली पर सबको यकीन है और जिसने सबसे अच्छा काम किया है तो वह यूनेस्को ही है। इस संस्था का उद्देश्य शिक्षा, विज्ञान संस्कृति और संचार के माध्यम से शांति और विकास का प्रसार करना है।

संयुक्त राष्ट्र संगठन द्वारा किए गए कुछ महत्वपूर्ण कार्य

- दुनिया के अलग-अलग देशों के करोड़ों शरणार्थियों की जरूरतों की पूर्ति करता है।
- विश्व के 58 प्रतिशत भाग में टीकाकरण कार्यक्रम चला रहा है, ताकि नवजात शिशुओं के जीवन की रक्षा की जा सके।
- शांति कायम रखने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करता है।
- पिछले 30 सालों में 370 मिलियन ग्रामीण गरीबों की स्थिति को संयुक्त राष्ट्र ने बेहतर बनाया है।
- गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जाते हैं।
- यह संगठन 73 देशों के 90 मिलियन लोगों के लिए आहार उपलब्ध कराता है।
- संयुक्त राष्ट्र 100 से ज्यादा देशों में जलवायु परिवर्तन व ऊर्जा बचत के लिए कार्यक्रम संचालित कर रहा है।

(फोटो गूगल से साभार)

शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय
आयुष परिसर, कलियासोत डेम के किनारे, एम.ए.सी.टी. हिल्स, भोपाल-03

क्रमांक/कॉलेज/पैरामेडिकल-डिप्लोमा प्रवेश/20/489197 भोपाल, दिनांक : 15.10.2020

पैरामेडिकल डिप्लोमा प्रशिक्षण सत्र 2020-21 में प्रवेश

शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय भोपाल में निम्नलिखित विषयों में संचालित पैरामेडिकल डिप्लोमा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित हैं :-

क्र.	पाठ्यक्रम का नाम	अवधि	उपलब्ध सीटें	प्रवेश हेतु शैक्षणिक अर्हता
1.	डिप्लोमा फार्मेसी (होम्योपैथी)	दो वर्ष	30	10+2 साइंस ग्रुप वायोलॉजी/गणित/वायोटेक्नॉलाजी/ कम्प्यूटर साइंस विषय में उत्तीर्ण।
2.	योगा	दो वर्ष	50	10+2 साइंस ग्रुप वायोलॉजी विषय के साथ उत्तीर्ण या किसी भी विषय में स्नातक या सह चिकित्सीय परिषद् से योग/प्राकृतिक चिकित्सा में प्रमाण-पत्र।
3.	नेचुरोपैथी	दो वर्ष	50	10+2 साइंस ग्रुप वायोलॉजी विषय के साथ उत्तीर्ण या किसी भी विषय में स्नातक या सह चिकित्सीय परिषद् से योग/प्राकृतिक चिकित्सा में प्रमाण-पत्र।

आवेदन निर्धारित प्रारूप में भरकर पूर्ण विवरण सहित रुपये 500/- का बैंक ड्राफ्ट जो प्रधानाचार्य, शासकीय होम्योपैथी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल के नाम से देय होगा, संलग्न करना अनिवार्य है। साथ ही 10वीं, 12वीं की अंकसूची, निवास, जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, आधारकार्ड की प्रति की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति तथा दो फोटो भी संलग्न करना होगा व स्थानांतरण प्रमाण-पत्र प्रवेश के समय महाविद्यालय में जमा करना होगा, सह चिकित्सीय परिषद् द्वारा प्रशिक्षण की शुल्क रुपये 38670/- मात्र प्रतिवर्ष प्रति पाठ्यक्रम निर्धारित है, इसके अतिरिक्त स्वशासी समिति के निर्णयानुसार भवन निर्माण/संधारण तथा छात्रावास शुल्क सुरक्षा निधि सहित पृथक से जमा करना होगा। **प्रवेश की अंतिम तिथि 30.11.2020 निर्धारित** है। प्रत्येक पाठ्यक्रम में आरक्षण शासन के नियमानुसार रहेगा। प्रवेश के संबंध में आवेदन का प्रारूप व अन्य जानकारी महाविद्यालय के वेबसाइट **www.ghmcbhopalayush.net** पर उपलब्ध है। **30 नवम्बर, 2020 के पश्चात** प्राप्त आवेदनों पर किसी भी प्रकार विचार नहीं किया जायेगा।

प्रधानाचार्य एवं सी.ई.ओ.

जी-14972/44561/2020 **शास. होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, भोपाल म.प्र.**

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, उज्जैन
यंत्रमहल मार्ग गउघाट उज्जैन

Ph. 0734-2551567, Mb. : 9424877892, Email :- exeujjain@gmail.com

क्र. 4224/लेखा/का.यं./2020-21 उज्जैन, दिनांक : 15.10.2020

निविदा सूचना क्र. 50/2020-21, दिनांक 15.10.2020 (द्वितीय आमंत्रण)

उज्जैन जिले के विकासखण्ड खाचरौद व बडनगर में ग्रामों में नलजल योजनाओं में रेट्रोफिटिंग कर शत-प्रतिशत घरेलू नल कनेक्शन किये जाने के कार्य की निम्नानुसार ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

स. क्र.	सिस्टम क्रमांक	ग्राम का नाम	अनुमानित लागत रु. में	धरोहर राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में	कार्य पूर्ण करने की समयावधि
1.	2020_PHED_111298_1	बछोडा, सिमरोल, आलोटजागीर, बंजारी, भुवासा, गुरला, नवादा, करोंदिया, घुडावन विकासखण्ड खाचरौद	1,89,06,887/-	1,89,069/-	12,500/-	06 माह वर्षाकाल सहित
1.	2020_PHED_111299_1	खडोतिया, सुंदरावाद, इंगोरिया, सलवा, असलावदा विकासखण्ड बड़नगर	1,42,67,626/-	1,42,676/-	12,500/-	06 माह वर्षाकाल सहित
		योग :-	**3,31,74,513/-**	**3,31,745/-**	**25,000/-**	

निविदा के अन्य विवरण की विस्तृत जानकारी **www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 02.11.2020, दोपहर 17.30 बजे तक निर्धारित है।

कार्यपालन यंत्री

जी-14973/44560/2020 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड उज्जैन (म.प्र.)**

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, बैतूल (म.प्र.)

दूरभाष : (07141) कार्यालय - 238320, फैक्स - 238320, Email - eephedbet@mp.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर बैतूल जिले के विभिन्न विकासखंडों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाईप लाईन, घरेलू नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन तथा आर.सी.सी. उच्चस्तरीय जल संग्रहण टंकी निर्माण कार्य हेतु निम्नानुसार निविदाएं आमंत्रित हैं :-

निविदा क्रमांक/ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकास-खंड	ग्राम की संख्या	निविदा की कुल लागत रु. लाख में	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
110/20-21/ Dt. 16.10.2020	111430	घोडा-डोंगरी	5	203.63	203630/-	15000/-	6 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्री-कृत पंजीयन प्रणाली
111/20-21/ Dt. 16.10.2020	111449	घोडा-डोंगरी	4	218.37	218370/-	15000/-	6 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्री-कृत पंजीयन प्रणाली
112/20-21/ Dt. 16.10.2020	111455	शाहपुर	3	212.35	212350/-	15000/-	6 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्री-कृत पंजीयन प्रणाली
113/20-21/ Dt. 16.10.2020	111469	शाहपुर	4	221.57	221570/-	15000/-	6 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्री-कृत पंजीयन प्रणाली

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की प्रारंभ तिथि - 17.10.2020, 11.00 बजे
ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि - 10.11.2020, 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि - 10.11.2020, 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर - खोलने की तिथि - 12.11.20, 15.00 बजे
निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

जी-14949/44551/2020 **कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, बैतूल (म.प्र.)**

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, बैतूल (म.प्र.)

दूरभाष : (07141) कार्यालय - 238320, फैक्स - 238320, Email - eephedbet@mp.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर बैतूल जिले के विभिन्न विकासखंडों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाईप लाईन, घरेलू नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन तथा आर.सी.सी. उच्चस्तरीय जल संग्रहण टंकी निर्माण कार्य हेतु निम्नानुसार निविदाएं आमंत्रित हैं :-

निविदा क्रमांक/ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकास-खंड	ग्राम की संख्या	निविदा की कुल लागत रु. लाख में	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
95/20-21/ Dt. 14.10.2020	111227	आठनेर	7	116.94	116940/-	12500/-	6 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्री-कृत पंजीयन प्रणाली
96/20-21/ Dt. 14.10.2020	111228	आठनेर	8	146.42	146420/-	12500/-	6 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्री-कृत पंजीयन प्रणाली
97/20-21/ Dt. 14.10.2020	111229	भीमपुर	2	216.03	216030/-	15000/-	6 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्री-कृत पंजीयन प्रणाली
98/20-21/ Dt. 14.10.2020	111230	भीमपुर	2	242.71	242710/-	15000/-	6 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्री-कृत पंजीयन प्रणाली
99/20-21/ Dt. 14.10.2020	111232	भीमपुर	3	275.00	275000/-	15000/-	6 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्री-कृत पंजीयन प्रणाली
100/20-21/ Dt. 14.10.2020	111233	चिचोली	2	200.78	200780/-	15000/-	6 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्री-कृत पंजीयन प्रणाली
101/20-21/ Dt. 14.10.2020	111234	भीमपुर	2	343.23	343230/-	15000/-	6 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्री-कृत पंजीयन प्रणाली
102/20-21/ Dt. 14.10.2020	111236	भीमपुर	3	229.79	229790/-	15000/-	6 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्री-कृत पंजीयन प्रणाली
103/20-21/ Dt. 14.10.2020	111237	चिचोली	2	110.81	110810/-	12500/-	6 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्री-कृत पंजीयन प्रणाली
104/20-21/ Dt. 14.10.2020	111238	चिचोली	2	143.81	143810/-	12500/-	6 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्री-कृत पंजीयन प्रणाली
105/20-21/ Dt. 14.10.2020	111239	भीमपुर	2	145.01	145010/-	12500/-	6 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्री-कृत पंजीयन प्रणाली

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की प्रारंभ तिथि - 15.10.2020, 11.00 बजे
ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि - 04.11.2020, 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि - 04.11.2020, 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर - खोलने की तिथि - 06.11.20, 15.00 बजे
निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री

जी-14967/44558/2020 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, खण्ड-बैतूल (म.प्र.)**

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
खण्ड सीधी (म.प्र.), सम्राट चौराहा के पास

ई-मेल : eephedsid@nic.in, फोन नम्बर : 07822-252296

Name of Work :- Retrofitting of Pipe Water Supply Scheme of FHTC, RCC OHT and Sumpwell (UNDER JAL JEEVAN MISSION) at various Villages of different Blocks of District Mandla Including Cost of All Matarial and Labour with 90 Days Trail Run/Commissioning period of Successful Entire Scheme.

NIT No.	Tender ID No.	Name of Villeges	Name of Block	Probable Amount	EMD	Tender Doc. Fee	Time
93-2020-21	2020_PHED _110783_1	Malara, Devgaon and Baja	Mandla	46.50	50000	5000	6 Month Including Rainy Season
94-2020-21	2020_PHED _110955_1	Phool Sagar, Bijadandi F.V., Pondi Badar, Jhalpani, and Baniyatara	Mandla	38.54	50000	5000	
95-2020-21	2020_PHED _110956_1	Khalhegithori, Umardeeh, Andiyamal and Bagli	Mohgaon	70.83	70830	10000	
96-2020-21	2020_PHED _110960_1	Singarpur, Sudgaon and Dongargaon	Mohgaon	62.63	62630/-	10000	
97-2020-21	2020_PHED _110965_1	Chandwara, Bilgaon, Suntekari and Saliwara	Mohgaon	47.64	50000	5000	
98-2020-21	2020_PHED _110967_1	Palehra, Jheena and Padariya	Mohgaon	26.81	50000	5000	
99-2020-21	2020_PHED _110974_1	Harratikur, Kasota and Kudopani	Mohgaon	32.89	50000	5000	
100-2020-21	2020_PHED _111149_1	Salwah, Barwani and Dundadehi	Ghughari	81.13	81130	10000	
101-2020-21	2020_PHED _111150_1	Tikariya and Manga	Ghughari	55.66	55660	10000	
102-2020-21	2020_PHED _111152_1	Ghoorwada, Sunehramal and Banjara Tola	Nainpur	62.38	62400	10000	
103-2020-21	2020_PHED _111153_1	Dobhi, Doni and Sarrapipariya	Nainpur	46.81	50000	5000	
104-2020-21	2020_PHED _111156_1	Raiwada, Andiya Mal and Heerapur	Nainpur	76.51	76510	10000	
105-2020-21	2020_PHED _111158_1	Deelwara, Chichgaon and Amjharmal	Nainpur	55.08	55100	10000	
106-2020-21	2020_PHED _111167_1	Tilai and Bharweli	Nainpur	49.93	50000	5000	
107-2020-21	2020_PHED _111183_1	Nara, Jhingraghat and Gunegaon	Bichhiya	49.22	50000	5000	
108-2020-21	2020_PHED _111185_1	Amgava, Ghurner Pipariya, Kohani and Hathitara Ryt.	Niwas	38.32	50000	5000	
109-2020-21	2020_PHED _111188_1	Jaidepur and Jaharmau	Nainpur	96.02	96020	10000	09 Month Including Rainy Season
110-2020-21	2020_PHED _111200_	Madhupuri, Suktara, Kudvan and Padmi	Mandla	74.47	74470	10000	6 Month Including Rainy Season
111-2020-21	2020_PHED _111205_	Khajari	Ghughari	33.51	50000	5000	
112-2020-21	2020_PHED _111219_	Elahi and Garaiyapand	Ghughari	37.22	50000	5000	

नोट :- निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाइट पर कैश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान पर क्रय किया जा सकता है। निविदा संबंधित आवश्यक दस्तावेज, रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते इस कार्यालय में **दिनांक 02.11.2020 तक** प्रस्तुत किया जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री

जी-15052/44573/2020 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, मण्डला (म.प्र.)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग छिंदवाड़ा

e-mail : eepwd1chhind@mp.nic.in, Phone : 07162-248978

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्र. 10/व.ले.लि./2020-21/ **छिंदवाड़ा, दिनांक 16.10.2020**

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य वेबसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने पर वेबसाइट के माध्यम से डाउनलोड की जा सकेगी।

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. लो.नि.वि. उपसंभाग सीसर अंतर्गत 05 मार्गों पर बी.टी. रिनिवल का शेष कार्य। कुल लंबाई 5.10 कि.मी. (सातवां आमंत्रण) 1) करेर पहुंच मार्ग लं. 2.20 कि.मी., 2) बारेघाट देवगढ़ मार्ग लं. 1.00 कि.मी., 3) काराघाट कामठी बारेघाट मार्ग लं. 1.60 कि.मी., 4) लावाघोघरी रेस्ट हाउस मार्ग लं. 100 मीटर, 5) उमरनाला रेस्ट हाउस मार्ग लं. 200 मीटर

टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	ठेके की अनुमा. राशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अमानत राशि	समयावधि	भौतिक रूप से लिफाफा जमा करने का कार्यालय
111202	छिंदवाड़ा	बी.टी. रिनिवल	37.20	5000/-	50000/-	02 माह वर्षाऋतु छोड़कर	मुख्य अभियंता (म.क्षे.) लो.नि.वि. जबलपुर

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. लो.नि.वि. उपसंभाग सीसर अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में अनुरक्षण, विशेष मरम्मत एवं अन्य जमा निधि के कार्य (प्रथम आमंत्रण)

111204	छिंदवाड़ा	भवन मरम्मत	12.00	2000/-	24000/-	06 माह वर्षाऋतु सहित	कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. छिंदवाड़ा

कुल योग - 49.20 लाख

टीप :- निविदा का विस्तृत विवरण (टेण्डर डाक्यूमेंट) म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 02.11.2020** समय 5.30 बजे तक है। ऑनलाइन प्राप्त निविदा ऑफर को मान्य किया जायेगा। भौतिक दस्तावेज जैसे :- अमानत राशि, निविदा शुल्क रसीद, शपथ पत्र, आयकर पेन नंबर, जी.एस.टी. पंजीयन प्रति एवं अन्य दिनांक 05.11.2020, समय 5.30 बजे तक संबंधित कार्यालय में लिफाफे स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से प्राप्त किये जायेंगे। भौतिक लिफाफा नियत समय एवं तिथि में संबंधित कार्यालय में प्राप्त न होने की दशा में ऑनलाइन निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी-15041/44572/2020 **कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ./स.) संभाग छिंदवाड़ा (म.प्र.)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय रीवा खण्ड रीवा (म.प्र.)

दूरभाष - कार्यालय (07662) 297441, E-Mail - rewapheee1123@rediffmail.com
निविदा सूचना क्र. 26/20-21/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./20 **रीवा, दिनांक : 16.10.2020**

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर रीवा जिले के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड रीवा के अंतर्गत विकासखण्ड सिरमौर एवं गंगेव के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ट्यूववेल पर आधारित रेट्रोफिटेड पाइप जलापूर्ति का निर्माण, निष्पादन, सबमर्सिवल मोटर पंप की स्थापना, 90 दिवस के ट्रायल रन एवं कमिशनिंग आदि समस्त कार्य हेतु निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित हैं :-

निविदा क्र./दि.	सिस्टम क्र.	विकास खण्ड	ग्रामों की संख्या	निविदा की कुल लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
26/ दिनांक 16.10.2020	111434	सिरमौर	03	87.92	87920/-	10000/-	06 माह (वर्षाऋतु सहित)	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली
26/ दिनांक 16.10.2020	111441	सिरमौर	03	92.91	92910/-	10000/-	6 माह (वर्षाऋतु सहित)	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली
26/ दिनांक 16.10.2020	111442	सिरमौर	03	84.15	84150/-	10000/-	6 माह (वर्षाऋतु सहित)	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली
26/ दिनांक 16.10.2020	111443	गंगेव	02	64.19	64190/-	10000/-	6 माह (वर्षाऋतु सहित)	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली

01. ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि - **03.11.2020 17.30 बजे तक**
02. ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि - 03.11.2020 17.30 बजे तक
03. ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि - 05.11.2020

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

जी-15035/44571/2020 **कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, रीवा (म.प्र.)**

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, शाजापुर
ओल्ड कलेक्टर रोड, कमला भवन, जिला शाजापुर

दूरभाष कार्या. (07364) 228862, मो.नं. 9165607999, ई-मेल eephedshj@mp.nic.in

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 33/2020-21/लेखा/कार्य./लोस्वायां./2020 शाजापुर, दिनांक : 24.10.2020

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा टेण्डर अपेंडिक्स 2.10 पर आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेवसाइट **http://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर देखा जा सकता है।

शाजापुर जिले के विकासखण्ड मो. वडोदिया के विभिन्न ग्रामों में नलजल योजनान्तर्गत रेट्रोफिटिंग कार्य।

ऑनलाइन नि. क्रमांक	नि. विज्ञप्ति क्रमांक	अनु. लागत रु. लाखों में	अमानत राशि राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य
112240	33	93.76 (शब्दों में रु. तिरयानवें लाख छियत्तर हजार)	93760/- (शब्दों में रु. तिरयानवें हजार सात सौ साठ)	10000/- (शब्दों में रु. दस हजार)

उपरोक्त वेवसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) क्रय किये जा सकते हैं। ऑनलाइन क्रय करने की अन्तिम तिथि 09.11.2020 सायं 5.30 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत विवरण निविदा सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेवसाइट पर देखी जा सकती है। यदि निविदा में आगे कोई संशोधन किया जाता है तो वह विभाग की वेवसाइट पर देखा जा सकता है, पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री

जी-15117/44588/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, शाजापुर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग वि./यां., संभाग रीवा

क्रमांक/2821/कार्य/निविदा/2020-21 रीवा, दिनांक : 21.10.2020

निविदा क्र. D-40/2020-21 रीवा, दिनांक : 21.10.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। आमंत्रित निविदा का संक्षिप्त विवरण :

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. एस.एस. मेडिकल कॉलेज के संजय गांधी स्मृति चिकित्सा भवन, रीवा में आन्तरिक विद्युतीकरण का संचालन एवं संधारण कार्य।

टेंडर आई.डी. क्रमांक	आमंत्रण क्र.	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	कार्य की अनुमानित राशि	अमानती राशि	भौतिक रूप से दस्तावेज जमा करने का कार्यालय
2020_PWDRB_112124_1	प्रथम आमंत्रण	एक साल	2742298/-	50000/-	कार्यालय मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. रीवा परिक्षेत्र, रीवा, दिनांक 04.11.2020 तक समय शाम 5.30 बजे तक

निविदा फार्म Online भुगतान कर 03.11.2020 को शाम 5.30 तक क्रय किये जा सकते हैं। भौतिक दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 04.11.2020 को शाम 5.30 तक होगी। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेवसाइट पर देखी जा सकती है। जिसे अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार का संशोधन समाचार-पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। केवल वेवसाइट पर अपलोड किया जायेगा।

नोट :- प्रत्येक टेण्डर अलग-अलग लिफाफे में अलग-अलग स्पीड पोस्ट से प्रेषित करें, अन्यथा मान्य नहीं होगा।

कार्यपालन यंत्री

जी-15143/44587/2020 लोक निर्माण विभाग (वि./यां), संभाग रीवा (म.प्र.)

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, सीहोर (म.प्र.)

Mail I.D. :- eephseh@nic.in, Fax No. : 07562-224092

Telephone : 07562-224092, NEW BUS STAND SEHORE - 466001 (M.P.)

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 22/नि.प्र./खण्ड सीहोर/लोस्वायांवि/2020-21 सीहोर, दिनांक 22.10.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से नलजल प्रदाय योजना के कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक से ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती हैं, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण वेवसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।

कार्य :- सीहोर जिले के विकासखण्ड सीहोर के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में जल-जीवन मिशन कार्यक्रम अंतर्गत घरेलू नल कनेक्शनों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु पाटन डेम स्त्रोत आधारित समूह जल प्रदाय योजना हेतु विस्तृत सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार करने का कार्य।

निविदा क्रमांक	अनुमानित लागत (रु. में)	धरोहर राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2020_PHED_112051_1	2846484/-	50000/-	5000/-	30 दिवस

कार्य :- सीहोर जिले के विकासखण्ड सीहोर एवं इछावर के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन कार्यक्रम अंतर्गत घरेलू नल कनेक्शनों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु नर्मदा नदी स्त्रोत आधारित समूह जल प्रदाय योजना हेतु विस्तृत सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार करने का कार्य।

2020_PHED_112045_1	10178320/-	101783/-	12500/-	120 दिवस

क्र.	कार्यक्रम का विवरण	निर्धारित निविदा कार्यक्रम (की-डेट्स) एवं समय
01	ऑनलाइन बिड सबमिशन की अन्तिम दिनांक	05.11.2020, 5.30
02.	बिड ओपनिंग दिनांक	07.11.2020, 11.30

कार्यपालन यंत्री

जी-15148/44595/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड सीहोर (म.प्र.)

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

पुलिस मुख्यालय, गृह (पुलिस), मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत आरक्षक संवर्ग की भर्ती हेतु भर्ती परीक्षा - 2020 के संबंध में

पुलिस मुख्यालय, भोपाल के पत्र क्रमांक/पुमु/अमनि/निस/चयन/274/A/2020 भोपाल दिनांक 22/10/2020 के तारतम्य में आरक्षक संवर्ग की भर्ती परीक्षा के संबंध में प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा परीक्षा आयोजन संबंधी निम्नानुसार संभावित तिथियाँ निर्धारित की जाती है

स.क्र.	विवरण	संभावित तिथियाँ
01	नियमों एवं परीक्षा संचालन के संबंध में विस्तृत नियम पुस्तिका प्रकाशन की संभावित तिथि	25/11/2020
02	आवेदन पत्र आमंत्रित करने की तिथि	24/12/2020
03	ऑनलाईन आवेदन पत्र भरे जाने की अंतिम तिथि	07/01/2021
04	ऑनलाईन आवेदन पत्र संशोधन किये जाने की अंतिम तिथि	12/01/2021
05	परीक्षा की तिथि	06/03/2021 से प्रारंभ

1. उपरोक्त समस्त तिथियाँ पूर्णतः संभावित है। जिनमें आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभव है।
2. विभाग से प्राप्त मांग पत्र अनुसार पदों की कुल संभावित संख्या लगभग 4000 है। जिनमें परिवर्तन संभव है।
3. पदों की विस्तृत जानकारी एवं आयु सीमा संबंधी जानकारी बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट **www.peb.mp.gov.in** पर उपलब्ध है।

प्रोफेशनल एग्ज़ामिनेशन बोर्ड

''चयन भवन'' मेन रोड नं. 1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल-462011

फोन- 0755-2578801, 02, 03, 04 फैक्स: +91-755-2550498

विज्ञापन क्रमांक- 36/2020 R-44584/2020 संचालक

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

विधानसभा उप निर्वाचन 2020 में एक लाख 51 हजार से अधिक नये मतदाता

भोपाल, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अरुण कुमार तोमर ने बताया कि विधानसभा उप निर्वाचन 2020 में 18 से 19 आयु वर्ग के नये 1 लाख 51 हजार 681 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। मुरैना जिले की जौरा विधानसभा क्षेत्र में 7 हजार 884, सुमावली विधानसभा क्षेत्र में कुल 5 हजार 452, मुरैना विधानसभा क्षेत्र में 4 हजार 864, दिमनी विधानसभा क्षेत्र में 5 हजार 216 और अम्बाह विधानसभा क्षेत्र में 5 हजार 310 नये मतदाता हैं।

भिण्ड जिले की मेहगांव विधानसभा क्षेत्र में 4 हजार 375, गोहद विधानसभा क्षेत्र में 3 हजार 521, ग्वालियर जिले की ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र में 4 हजार 673, ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में 5 हजार 438, डबरा विधानसभा क्षेत्र में 5 हजार 745 और दतिया जिले की भांडेर विधानसभा क्षेत्र में 4 हजार 796 नये मतदाता हैं।

शिवपुरी जिले की करेरा विधानसभा क्षेत्र में 4 हजार 969, पोहरी विधानसभा क्षेत्र में 3 हजार 756, गुना जिले की बमोरी विधानसभा क्षेत्र में 6 हजार 195, अशोक नगर जिले की अशोक नगर विधानसभा क्षेत्र में 5 हजार 585, मुंगावली विधानसभा क्षेत्र में 4 हजार 969, सागर जिले की सुरखी विधानसभा क्षेत्र में 4 हजार 715, छतरपुर जिले की मलहरा विधानसभा क्षेत्र में 4 हजार 699 और अनूपपुर जिले की अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र में 3 हजार 720 नये मतदाता हैं।

रायसेन जिले की सांची विधानसभा क्षेत्र में 5 हजार 408, राजगढ़ जिले की ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र में 5 हजार 829, आगर मालवा जिले की आगर विधानसभा क्षेत्र में 5 हजार 704, देवास जिले की हाटपिपल्या विधानसभा क्षेत्र में 5 हजार 41 मतदाता, खण्डवा जिले की मांधाता विधानसभा क्षेत्र में 4 हजार 541 और बुरहानपुर जिले की नेपानगर विधानसभा क्षेत्र में 4 हजार 775 नये मतदाता हैं।

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग क्रमांक-01, भोपाल

फोन : 0755-4222322, ई-मेल : mpphc.bhopal@yahoo.com

Mobile : 9425601532

क्र.-म.प्र.पु.आ. एवं अ.वि.नि/663/पर्य/भोपाल-1/तशा/2020

भोपाल, दिनांक : 23.10.2020

प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग क्रमांक-01, भोपाल द्वारा थाना गांधीनगर भोपाल के प्रशासकीय भवन की पुताई, वाटर प्रूफिंग, सीवर लाइन एवं मरम्मत कार्य हेतु निविदा क्रमांक 16/2020-21 ऑनलाइन TENDER ID No. : 2020_MPPHC_112145_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 03.11.2020 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते है। निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेवसाइट पर ही किए जावेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/98780/44594/2020 **परियोजना यंत्री**

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

PART I

Section 1. Notice inviting Offers for Consulting Services For Community Participatory Road Safety Program

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Govt. of M.P., Panchayat & Rural Development Department)

Block-2, Vth Floor, Paryawas Bhawan, Arera Hills, Jail Road, Bhopal-462011

No. 16527 Bhopal, Dated : 24.10.2020

RFP No. [IN-MPRRDA-197188-CS-QCBS]; Dated 27/10/2020

Loan No. 8833-IN

The Government of Madhya Pradesh (hereinafter called "Borrower") has received financing from the International Bank for Reconstruction and Development (IBRD) and Asian Infrastructure Investment Bank (AIIB) (the "Bank") in the form of "Loan" (hereinafter called Loan towards the cost of Madhya Pradesh Rural Connectivity Project. The Madhya Pradesh Rural Road Development Authority, an implementing agency, intends to apply a portion of the proceeds of this Loan to eligible payments under the contract.

The Client, Project Director MPRCP on behalf of MP Rural Road Development Authority invites online proposals to provide the consultancy services (hereinafter called "Services"): for **Community Participatory Road Safety Program (CPRSP) on e-procurement portal https://mptenders.gov.in** from 27.10.2020 after 17.00 Hrs. RFP Document may be viewed and downloaded up to 27.11.2020, 15.00 Hrs. from the e-procurement portal. More details on the Services and Terms and Conditions may be seen in the RFP Document.

A pre-bid meeting with prospective bidders will be held online on 10.11.2020 from 15:00 Hrs. through VC (web link will be notified separately on the portal). Pre-bid queries may be sent through e-mail at **"mprcp@rediffmail.com/ gmmprcp@gmail.com".**

Yours sincerely,

(Pankaj Jhawar)

Madhyam/98771/44585/2020 **PROJECT DIRECTOR (MPRCP)**

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

खेल चर्चा

ज्वेरेव ने जीता कोलोन इंडोर टेनिस टूर्नामेंट

कोलोन, जर्मनी के युवा टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने कोलोन इंडोर टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने कनाडा के फेलिक्स ऑगर एलियासेम को फाइनल में 6-3, 6-3 से हराया। यह पिछले 17 महीने में ज्वेरेव का पहला खिताब है। यह ज्वेरेव के टेनिस कॅरियर का 12वां खिताब भी है। ज्वेरेव ने इस वर्ष शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन वो एक भी खिताब नहीं जीत सके थे। ज्वेरेव ने इस वर्ष यूएस ओपन के फाइनल में भी जगह बनाई थी, लेकिन उन्हें डोमिनिक थिएम के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने पॉल पोग्बा से बढ़ाया करार

लंदन, इंग्लैंड के फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड ने फ्रांस के दिग्गज फुटबॉलर पॉल पोग्बा के साथ करार एक वर्ष के लिए आगे बढ़ा दिया है। पोग्बा अब वर्ष 2022 तक मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ जुड़े रहेंगे। पोग्बा वर्ष 2016 में इटली के क्लब जुवेंट्स से मैनचेस्टर यूनाइटेड में आए थे। पोग्बा का मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ करार वर्ष 2021 में खत्म हो रहा था। पोग्बा ने इस सत्र में मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिये तीन मैच खेले हैं। पोग्बा वर्ष 2018 में फीफा विश्वकप जीतने वाली फ्रांसीसी टीम के सदस्य हैं।

दक्षिण अफ्रीका में वन-डे और ट्वेंटी-20 सीरीज खेलेगा इंग्लैंड

केपटाउन, इंग्लैंड क्रिकेट टीम अगले महीने दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगी। इस दौरे पर इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच 3-3 मैचों की वन-डे और ट्वेंटी-20 सीरीज खेली जायेगी। दक्षिण अफ्रीका सरकार ने इंग्लैंड की टीम को कोरोना वायरस से जुड़ी यात्रा पाबंदियों से छूट देने का फैसला लिया है। कोरोना काल में यह इंग्लैंड क्रिकेट टीम का पहला अंतर्राष्ट्रीय दौरा होगा। इंग्लैंड की टीम 16 नवम्बर को दक्षिण अफ्रीका पहुंचेगी। दौरे के कार्यक्रम के अनुसार पहला ट्वेंटी-20 मैच 27 नवम्बर, दूसरा मैच 29 नवम्बर और तीसरा मैच एक दिसम्बर को खेला जायेगा। वहीं चार दिसंबर को पहला वन-डे, 6 दिसम्बर को दूसरा वन-डे तथा 9 दिसम्बर को तीसरा वन-डे मैच खेला जायेगा।

ईसीबी ने काउंटी चैम्पियनशिप के फॉर्मेट में किया बदलाव

लंदन, इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने 2021 सत्र की काउंटी चैम्पियनशिप के फॉर्मेट में बदलाव किया है। काउंटी चैम्पियनशिप के नए फॉर्मेट के तहत सभी 18 टीमों को 6-6 टीमों के तीन ग्रुप में बांटा जाएगा। सभी टीमें अपने ग्रुप में 10-10 मैच खेलेंगी। इसके बाद प्रत्येक ग्रुप की टॉप-2 टीमें डिविजन-1 में जाएंगी तथा अन्य टीमें डिविजन-2 और डिविजन-3 में जाएंगी। डिविजन-1 में 6 टीमें आपस में 1-1 मैच खेलेंगी। यहां सबसे ज्यादा अंक अर्जित करने वाली टीम को चैम्पियन घोषित किया जाएगा। काउंटी चैम्पियनशिप की टॉप-2 टीमों को बॉब विलिस ट्रॉफी में खेलने का मौका मिलेगा। ईसीबी के चेयरमैन इयान वॉटमोर ने कहा कि कोरोना महामारी को देखते हुए हमने सभी काउंटी टीमों से चर्चा करने के बाद आने वाले सीजन पर निर्णय लिया है।

डेनमार्क ओपन

एंटोनसेन और ओकुहारा ने जीते एकल वर्ग के खिताब

ओडेन्से, कोरोना महामारी के बाद अब खेल गतिविधियां पुनः शुरू होने लगी हैं। इसी कड़ी में डेनमार्क ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट भी सम्पन्न हो गया है। कोरोना के चलते कई बड़े खिलाड़ियों के डेनमार्क ओपन से नाम वापस लेने के बावजूद डेनमार्क ओपन सफल रहा। टूर्नामेंट में एंडर्स एंटोनसेन तथा नोजोमी ओकुहारा चैंपियन बने।

एंटोनसेन का पहला खिताब

डेनमार्क के युवा खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन पुरुष एकल वर्ग में चैंपियन बने। टूर्नामेंट के फाइनल में एंटोनसेन ने अपने हमवतन रास्मस गेमके को रोमांचक मुकाबले में 18-21, 21-19, 21-12 से हराया। मैच में गेमके ने शुरुआत में बेहतरीन खेल दिखाया और पहला गेम 21-18 से जीत लिया। पहले गेम में हार के बावजूद एंटोनसेन ने रक्षात्मक रणनीति अपनाए रखी। दूसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल दिखाया। गेमके ने दूसरे गेम में महत्वपूर्ण क्षणों में कई गलतियां कीं, इसका फायदा उठाते हुये एंटोनसेन करीबी अंतर से दूसरा गेम 21-19 से जीतने में कामयाब रहे। तीसरे गेम में एंटोनसेन ने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुये आक्रामक खेल दिखाया और तीसरा गेम 21-12 से जीत लिया।

- डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन ने वर्ष 2019 में विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में पुरुष एकल वर्ग में रजत पदक जीता था।
- नोजोमी ओकुहारा वर्ष 2017 में विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में महिला एकल वर्ग की चैंपियन बनीं।

ओकुहारा ने मारिन को हराया

डेनमार्क ओपन के महिला एकल वर्ग के फाइनल में जापान की नोजोमी ओकुहारा के सामने स्पेन की ओलिंपिक चैंपियन कैरोलीना मारिन की चुनौती थी। दोनों ही खिलाड़ी विश्व चैंपियन रह चुकी हैं, ऐसे में इन दोनों को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था।

फाइनल में ओकुहारा ने शुरुआत से ही मारिन पर दबाव बना दिया। पहले गेम में मारिन और ओकुहारा के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। पहले गेम में एक समय दोनों खिलाड़ी 18-18 के बराबर स्कोर पर थीं, लेकिन मारिन द्वारा की गई गलतियों का फायदा ओकुहारा ने उठाया और पहला गेम 21-19 से अपने नाम किया। दूसरे गेम में ओकुहारा पर दबाव बनाने के लिये मारिन ने आक्रामक रणनीति अपनाई, लेकिन ओकुहारा ने शानदार पलटवार कर मारिन को बैकफुट पर ला दिया। ओकुहारा दूसरा गेम 21-17 से जीतने में सफल रहीं।

बेन लिस्टर बने क्रिकेट के पहले कोरोना सब्स्टीट्यूट

ऑकलैंड, न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बेन लिस्टर ने क्रिकेट में अनोखी उपलब्धि हासिल की है। लिस्टर क्रिकेट में कोरोना सब्स्टीट्यूट होने वाले पहले क्रिकेटर बन गये हैं। न्यूजीलैंड की घरेलू प्रथम श्रेणी सीरीज प्लंकेट शील्ड में ऑकलैंड और ओटेगो के बीच खेले गये मैच में लिस्टर ने मार्क चैपमैन को रिप्लेस किया। ऑकलैंड टीम के गेंदबाज चैपमैन मैच के दौरान बीमार पड़ गये। इसके बाद चैपमैन का कोरोना टेस्ट किया गया। इसके बाद चैपमैन की जगह लिस्टर को टीम में शामिल किया गया। बेन लिस्टर ने पहली पारी में एक विकेट भी लिया। ऑकलैंड क्रिकेट ने कहा कि चैपमैन की जांच का परिणाम आने तक लिस्टर उनकी जगह टीम में खेलेंगे।

अंडर-23 एशिया कप की मेजबानी से पीछे हटा चीन

क्वालालंपुर, चीन ने वर्ष 2022 में आयोजित होने वाले अंडर-23 एशिया कप की मेजबानी से अपना नाम वापस ले लिया है। यह जानकारी एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने दी। एएफसी ने एक बयान में कहा कि चीन ने कार्यक्रम संबंधी विवाद, अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट्स से पहले स्टेडियमों का काम पूरा न होने तथा कोरोना महामारी के कारण पैदा हुई परिस्थितियों के कारण टूर्नामेंट से नाम वापस लिया है। एएफसी ने कहा कि वह अब दो आवेदन प्रक्रिया शुरू करेगी, जिसमें से एक वर्ष 2022 में अंडर-23 एशिया कप की है, वहीं दूसरी वर्ष 2024 में अंडर-23 एशिया कप के लिए होगी।

पाकिस्तान ने इंग्लैंड को ट्वेंटी-20 सीरीज के लिए किया आमंत्रित

कराची, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इंग्लैंड को अगले वर्ष की शुरुआत में ट्वेंटी-20 सीरीज खेलने के लिए आमंत्रित किया है। पीसीबी के सीईओ वसीम खान ने यह जानकारी देते हुए कहा कि हमने इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को 13 से 20 जनवरी 2020 के बीच तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज खेलने के लिए आधिकारिक निमंत्रण भेजा है। उन्होंने कहा कि इस दौरे का पाकिस्तानी टीम के इस वर्ष के इंग्लैंड दौरे से कोई संबंध नहीं है। वसीम खान ने कहा कि ईसीबी को पाकिस्तान दौरा करने के फैसले से पहले सुरक्षा और कोरोना महामारी की परिस्थिति का आकलन करना है। हमें पूरा विश्वास है कि इंग्लैंड की टीम पाकिस्तान का दौरा करेगी।

उल्लेखनीय है कि इंग्लैंड की टीम ने पिछले 15 वर्षों से पाकिस्तान का दौरा

नहीं किया है। इंग्लैंड की टीम ने आखिरी बार वर्ष 2005 में पाकिस्तान में क्रिकेट खेला था। वर्ष 2009 में श्रीलंकाई क्रिकेट टीम पर हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान में 10 वर्षों तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं हो सका था। हालांकि पिछले वर्ष श्रीलंका और वेस्टइंडीज की क्रिकेट टीमों ने पाकिस्तान का दौरा किया था, इसके बाद से पाकिस्तान में क्रिकेट गतिविधियां दोबारा शुरू हुई हैं।

न्यूजीलैंड दौरे के लिये वेस्टइंडीज टीम की घोषणा

किंग्स्टन, वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड अगले महीने न्यूजीलैंड दौरे के लिये वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम की घोषणा की है। न्यूजीलैंड दौरे पर वेस्टइंडीज को 3 मैचों की ट्वेंटी-20 तथा 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलना है। इंग्लैंड दौरे पर फ्लॉप रहने वाले शाई होप को टेस्ट और ट्वेंटी-20 दोनों टीमों से बाहर किया गया है।

बोर्ड ने टेस्ट टीम के साथ 6 रिज़र्व खिलाड़ी भी रखे हैं। ये रिज़र्व खिलाड़ी दौरे पर टेस्ट टीम की तैयारियों में मदद करेंगे और अगर कोई खिलाड़ी चोटिल होता है तो उसका स्थान लेंगे। शाई होप के टीम से बाहर होने के बाद ट्वेंटी-20 सीरीज में विकेटकीपर की भूमिका आंद्रे फ्लेचर निभायेंगे। टेस्ट टीम की कमान जेसन होल्डर के हाथों में होगी, वहीं कीरोन पोलार्ड ट्वेंटी-20 टीम के कप्तान होंगे।

इस दौरे पर 27 नवम्बर को पहला ट्वेंटी-20 मैच खेला जायेगा, वहीं 29 नवम्बर को दूसरा तथा 30 नवम्बर को तीसरा ट्वेंटी-20 मैच खेला जायेगा। वहीं 3 दिसम्बर से पहला तथा 11 दिसम्बर से दूसरा टेस्ट मैच शुरू होगा।

टेस्ट टीम- जेसन होल्डर, जर्मेन ब्लैकवुड, क्रैग ब्रेथवेट, डैरेन ब्रावो, शामराह ब्रुक्स, जॉन कैंपबेल, रोस्टन चेस, रहकीम कॉर्नवॉल, शेन डाउरिच, शैनन गैब्रियल, शिमरन हेटमायर, केमार होल्डर, अल्जारी जोसेफ, कीमो पॉल और केमार रोच।

रिज़र्व खिलाड़ी- क्रुमाह बोनेर, जेसुआ डिसिल्वा, पीटरसन मैकस्वीन, शायने मोसेले, रेमोन रिफर, जेडेन सील्स।

ट्वेंटी-20 टीम- कीरोन पोलार्ड, फेबियन एलेन, ड्वेन ब्रावो, शेल्डन कॉट्रेल, आंद्रे फ्लेचर, शिमरन हेटमायर, ब्रैंडन किंग, केली मार्वस, रोवमन पॉवेल, कीमो पॉल, निकोलस पूरन, ओशाने थॉमस, हेडन वॉल्श और केसरिक विलियम्स।

खेलो इंडिया योजना

नौ नए राज्य किए गए शामिल

नई दिल्ली, खेल मंत्रालय ने खेलो इंडिया योजना के तहत सात राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में खेल केंद्रों को खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र (केआईएससीई) के रूप में उन्नत किया है। इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आंध्रप्रदेश, छत्तीसगढ़, चंडीगढ़, गोवा, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पुडुचेरी, त्रिपुरा तथा जम्मू और कश्मीर शामिल हैं।

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री श्री किरेन रिजिजू ने इस फैसले के बारे में कहा कि सरकार दो तरफा दृष्टिकोण को लेकर आगे बढ़ रही है, जिसमें एक तरफ जमीनी स्तर के बुनियादी ढांचे को विकसित करना और दूसरी तरफ खेल उत्कृष्टता के लिए सुविधाएं बनाने का कार्य किया जा रहा है। केआईएससीई में विश्व स्तर की सुविधाएं होंगी, जहां पूरे देश की

KHELO INDIA
Ministry of Youth Affairs and Sports

सर्वश्रेष्ठ खेल प्रतिभाओं को भारत के ओलिंपिक सपनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रशिक्षित किया जायेगा।

इन केंद्रों ने अपने पिछले प्रदर्शनों, राज्य में बुनियादी ढांचे की गुणवत्ता, प्रबंधन और खेल संस्कृति आदि के आधार पर कटौती की है। इस वर्ष के प्रारंभ में सरकार ने कुल 14 केंद्रों को केआईएससीई के रूप में उन्नत करने के लिये पहचान की थी। अब कुल 23 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 24 केआईएससीई हैं। इन केंद्रों को खेल उपकरण, उच्च प्रदर्शन प्रबंधक, कोच, खेल वैज्ञानिक, तकनीकी सहायता आदि में अंतराल को कम करने के रूप में सहायता प्रदान की जाएगी।

प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश द्वारा खेल सुविधाओं का चयन किया गया था, जिन्हें उनके या उनकी एजेंसियों या किसी भी योग्य एजेंसियों के साथ उपलब्ध सर्वोत्तम खेल केंद्र की पहचान करने के लिए कहा गया था जिन्हें विश्व स्तरीय खेल सुविधाओं में विकसित किया जा सके।

ये राज्य पहले से हैं शामिल

असम, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, मेघालय, सिक्किम, कर्नाटक, ओडिशा, केरल, तेलंगाना, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम और नागालैंड।

केंद्र शासित प्रदेश - दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव।

अहमदाबाद में खेला जायेगा डे-नाइट टेस्ट मैच

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा है कि भारत और इंग्लैंड के बीच अगले वर्ष अहमदाबाद स्थित मोटेरा स्टेडियम में डे-नाइट टेस्ट मैच खेला जायेगा। गांगुली ने बताया कि इंग्लैंड के भारत दौरे पर कोलकाता और धर्मशाला में भी टेस्ट मैच खेले जायेंगे। इसके साथ गांगुली ने उन अटकलों पर भी विराम लगाया है, जिसमें कहा जा रहा था कि भारत-इंग्लैंड सीरीज की मेजबानी यूएई कर सकता है। उल्लेखनीय है कि मोटेरा क्रिकेट स्टेडियम का पुनर्निर्माण कुछ महीने पहले ही हुआ है। अब यह विश्व का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम बन गया है। इस स्टेडियम की दर्शक क्षमता 1 लाख से ज्यादा है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

अमेरिका में

अलास्का के तट पर 7.5 तीव्रता का भूकंप

अमेरिका के अलास्का इलाके में आए भूकंप की तीव्रता 7.5 थी। नेशनल वेदर सर्विस के अनुसार लोगों को भूकंप की तीव्रता देखते हुए सुनामी की चेतावनी भी दे दी गई थी। उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि शक्तिशाली लहरें और करंट का उनके नजदीकी तट पर असर हो सकता है।

- **सैंड पाइंट में कुछ जगहों पर सुनामी की छोटी लहरें देखी गई हैं।**
- **हालांकि नेशनल ओशिऐनिक अटमॉस्फीरिक एडमिनिस्ट्रेशन (NOAA) ने बाद में अलर्ट को एडवायजरी में तब्दील कर दिया था। बड़े झटके के बाद तीव्रता के दो छोटे झटके भी महसूस किए गए।**

ग्रैंड चैलेंज वार्षिक बैठक 2020

भविष्य का आकार उन समाजों द्वारा निर्धारित होगा जो विज्ञान और नवाचार में निवेश करते हैं : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ग्रैंड चैलेंज वार्षिक बैठक 2020 में मुख्य भाषण दिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि मेलिंडा और बिल गेट्स, मेरे मंत्रिमंडल में केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन, दुनियाभर के प्रतिनिधि, वैज्ञानिक, अभिनवकर्ता, शोधकर्ता और छात्रों इस सोलहवें ग्रैंड चैलेंज की वार्षिक बैठक में मुझे आप सभी से मिलकर अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। श्री मोदी ने आगे कहा कि भविष्य का आकार उन समाजों द्वारा निर्धारित होगा जो विज्ञान और नवाचार में निवेश करते हैं। उन्होंने कहा कि लघु अवधि के दृष्टिकोण के बजाय अग्रिम निवेश करते हुए सही समय पर विज्ञान और नवाचार के लाभों को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इन नवाचारों की यात्रा को सहयोग एवं सार्वजनिक भागीदारी द्वारा अवश्य आकार दिया जाना चाहिए। उन्होंने इस कार्यक्रम के व्यापक विस्तार की सराहना की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक महामारी ने हमें टीम वर्क के महत्व का एहसास कराया है। उन्होंने कहा कि बीमारियों की कोई भौगोलिक सीमा नहीं होती और वह धर्म, नस्ल, लिंग या रंग के आधार पर भेदभाव नहीं करती हैं। उन्होंने कहा कि इन बीमारियों में कई संचारी और गैर-संचारी रोग शामिल हैं जो लोगों को प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत में एक मजबूत एवं जीवंत वैज्ञानिक समुदाय और अच्छे वैज्ञानिक संस्थान भारत की सबसे बड़ी संपत्ति हैं, खासकर पिछले कुछ महीनों के दौरान कोविड-19 के खिलाफ जंग में इसका अहसास हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने क्षमता निर्माण से लेकर चमत्कार तक हासिल किए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अब कोविड के लिए टीका विकसित करने वाले देशों में सबसे आगे है। उन्होंने घोषणा की कि हमारे देश में 30 से अधिक स्वदेशी टीके विकसित किए जा रहे हैं और उनमें से तीन उन्नत चरण में हैं। उन्होंने कहा कि भारत एक व्यवस्थित टीका वितरण प्रणाली स्थापित करने पर पहले से ही काम कर रहा है और हमारे नागरिकों के टीकाकरण को सुनिश्चित करने में डिजिटल स्वास्थ्य आईडी के साथ इस डिजिटल नेटवर्क का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत कम कीमत पर गुणवत्तायुक्त दवाओं और टीकों का उत्पादन करने की अपनी स्थापित क्षमता के लिए जाना जाता है। वैश्विक सत्र पर टीकाकरण के लिए 60 प्रतिशत से अधिक टीके का उत्पादन भारत में किया जाता है। उन्होंने कहा कि भारत अपने अनुभव और अनुसंधान प्रतिभा के साथ वैश्विक स्वास्थ्य सेवा संबंधी प्रयासों के केंद्र में होगा और वह अन्य देशों को इन क्षेत्रों में अपनी क्षमताओं को बढ़ाने में मदद करना चाहता है।

न्यूजीलैंड में

जेसिंडा अर्डर्न एक बार फिर बनीं प्रधानमंत्री

न्यूज़ीलैंड की मौजूदा प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न हाल ही में हुए आम चुनावों में शानदार जीत हासिल करते हुए एक बार फिर प्रधानमंत्री बन गई हैं और उनके नेतृत्व वाली लेबर पार्टी को कुल मतों में से लगभग पचास प्रतिशत वोट मिले हैं। न्यूजीलैंड चुनाव आयोग के अनुसार वहां 120 सीटों पर हुए चुनाव में से 64 सीटों पर लेबर पार्टी ने जीत हासिल की है, जबकि 26.8 प्रतिशत वोट के साथ नेशनल पार्टी को 35 सीटें मिली हैं। प्रमुख प्रतिद्वंद्वी नेशनल पार्टी की तरफ से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार जुडिथ कॉलिन्स को हार का सामना करना पड़ा है। सुश्री अर्डर्न ने शानदार जीत के लिए समर्थकों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि वह जल्द ही काम शुरू कर देंगी।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जेसिंडा अर्डर्न को उनकी शानदार जीत पर बधाई दी

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने एक ट्वीट में कहा 'न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न को उनकी शानदार जीत पर हार्दिक बधाई। मैं एक वर्ष पहले की हमारी मुलाकात का स्मरण करता हूं और हम साथ मिलकर भारत-न्यूजीलैंड संबंध को एक नई ऊंचाई तक ले जाने की आशा करते हैं।'

कैंपबेल खाड़ी के पास

रिक्टर स्केल पर 5.1 तीव्रता का भूकंप

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में 5.1 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार भूकंप दक्षिण-पूर्व में 510 किलोमीटर दूर कैंपबेल की खाड़ी में आया था।

- **भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर के अंदर था।**
- **जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है।**

मालाबार अभ्यास

ऑस्ट्रेलिया होगा शामिल

भारत ने अपने बहुचर्चित नौसैनिक मालाबार सैन्य अभ्यास 2020 में ऑस्ट्रेलिया को भी आमंत्रित किया है।

- **मालाबार नौसैनिक अभ्यास की शुरुआत 1992 में भारत-अमेरिका के बीच हुई थी। 2015 में जापान इसका हिस्सा बना। यह अभ्यास इस वर्ष नवंबर में होगा।**

ऑस्ट्रेलिया ने भी शामिल होने की पुष्टि की है। यह पहला मौका है जब भारत ने क्वॉड (क्वॉड्रीलेटरल सिक्योरिटी डायलॉग) देशों की रणनीतिक और सामरिक समझदारी के नए दौर का संकेत दिया है। हालांकि चीन ने ऑस्ट्रेलिया के शामिल होने पर एतराज भी जताया है। यह पहला मौका है जब क्वॉड के चारों देशों भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की नौसेनाएं एक साथ युद्धाभ्यास करेंगी। ज्ञात रहे कि अक्टूबर 2020 के पहले सप्ताह में क्वॉड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में ऑस्ट्रेलिया को मालाबार अभ्यास में शामिल करने पर चर्चा भी हुई थी। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने कहा कि दूसरे देशों के साथ भारत समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना चाहता है। इसीलिए ऑस्ट्रेलिया की नौसेना को मालाबार अभ्यास में बुलाया गया है।

सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस

भारतीय नौसेना के स्टील्थ डेस्ट्रॉयर, आईएनएस चेन्नई से किया गया सफलतापूर्वक परीक्षण

सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस का अरब सागर में एक लक्ष्य को भेदते हुए भारतीय नौसेना के स्वदेशी तरीके से निर्मित स्टील्थ डेस्ट्रॉयर, आईएनएस चेन्नई से सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। मिसाइल ने उच्च-स्तरीय एवं अत्यधिक जटिल युक्तियों का प्रदर्शन करने के बाद सुनिर्देशित सटीकता के साथ सफलतापूर्वक लक्ष्य को भेदा। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने इस सफल प्रक्षेपण के लिए डीआरडीओ, ब्रह्मोस और भारतीय नौसेना को बधाई दी। डीडीआर एंड डी के सचिव तथा डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. जी सतीश रेड्डी ने इस बड़ी उपलब्धि के लिए वैज्ञानिकों तथा डीआरडीओ, ब्रह्मोस भारतीय नौसेना एवं उद्योग के सभी कार्मिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइलें कई प्रकार से भारतीय सशस्त्र बलों की क्षमताओं में वृद्धि करेंगी।

आर्मीनिया ने

अजरबैजान की सेना का T-90S टैंक उड़ाया

अजरबैजान की सेना को बड़ा नुकसान पहुंचाते हुए आर्मीनिया ने T-90S टैंक उड़ा दिया है। लगभग 22 दिन से जारी इस युद्ध में अभी तक दोनों पक्षों के 700 से ज्यादा सैनिकों और आम जनता को नुकसान पहुंचा है। आर्मीनिया के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि उसकी सेना ने अजरबैजान के 7 प्रमुख युद्धक टैंकों को नष्ट कर दिया है। इसमें रूस से खरीदा गया T-90S टैंक भी शामिल है।

- **युद्ध को भड़का रहे हैं तुर्की और पाकिस्तान, अजरबैजान का कर रहे हैं खुला समर्थन।**
- **रूस दोनों देशों के बीच दबाव बढ़ा रहा है।**

जानकारी के अनुसार आर्मीनिया सेना ने पाँच आर्म्ड पर्सनल कैरियर को भी नष्ट किया है। युद्ध क्षेत्र में सेना के जवान इस तरह की गाड़ियों में बैठकर एक जगह से दूसरी जगह जाते हैं। इससे वे हल्की और मध्यम स्तर की गोलीबारी से भी बचे रहते हैं। ज्ञात रहे कि दोनों देश 4400 वर्ग किलोमीटर में फैले नागोर्नो-काराखाब नाम के हिस्से पर कब्जा करना चाहते हैं। यह इलाका अंतर्राष्ट्रीय रूप से अजरबैजान का हिस्सा है। 27 सितंबर 2020 से शुरू हुये इस संघर्ष में अब तक सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है। माना जा रहा है कि दोनों देशों के बीच इतने बड़े पैमाने पर छिड़ी यह पहली लड़ाई है।

जोजिला टनल पर काम शुरू

यह एशिया की सबसे लंबी सुरंग होगी : श्री नितिन गडकरी

केन्द्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग और एमएसएमई मंत्री श्री नितिन गडकरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जम्मू एवं कश्मीर में जोजिला सुरंग के निर्माण के लिए औपचारिक विस्फोट की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि यह सुरंग एनएच-1 पर श्रीनगर घाटी और लेह (लद्दाख पठार) के बीच सभी मौसम में आवागमन की सुविधा प्रदान करेगी और जम्मू एवं कश्मीर (अब जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेशों) में एक सर्वांगीण आर्थिक और सामाजिक-सांस्कृतिक एकीकरण लाएगी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इस परियोजना में लगभग 3000 मीटर की ऊंचाई पर जोजिला दर्रा, जोकि वर्तमान में साल के 6 महीने ही आवागमन के लायक होता है, के भीतर एनएच -1 पर श्रीनगर और लेह को द्रास तथा कारगिल के रास्ते जोड़ने के लिए 14.15 किलोमीटर लंबी सुरंग के निर्माण का काम शामिल है। वाहनों के परिचालन की दृष्टि से यह दुनिया के सबसे खतरनाक मार्गों में से एक है और यह परियोजना भू-रणनीतिक दृष्टिकोण से भी बेहद संवेदनशील है। यह एशिया की सबसे लंबी सुरंग होगी। उन्होंने आगे कहा कि यह परियोजना इस इलाके के सामाजिक - आर्थिक परिदृश्य को भी बेहतर बनायेगी। श्री गडकरी ने सूचित किया कि नये सिरे से इस सुरंग का डिजाइन बनने से लगभग 4000 करोड़ रुपए की बचत हुई। केन्द्रीय मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि ईमानदार प्रयासों के जरिए हम अपने देश को अपेक्षाकृत कम खर्च में आगे ले जा सकते हैं। श्री गडकरी ने यह विश्वास भी व्यक्त किया कि इस परियोजना के पूरा होने की अवधि भले ही छह साल नियत की गयी है, लेकिन वर्तमान सरकार का कार्यकाल खत्म होने से पहले इसे पूरा कर लिया जायेगा और इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा किया जायेगा।



- **इस परियोजना के पूरा होने की अवधि छह साल नियत की गयी है।**
- **जोजिला टनल की लंबाई 14.15 किलोमीटर है और संपर्क मार्ग की लंबाई 18.63 किलोमीटर है इस प्रकार परियोजना की कुल लंबाई 32.78 किमी है।**
- **इस टनल के निर्माण से श्रीनगर, द्रास, कारगिल और लेह क्षेत्र में सभी मौसम में सुरक्षित संपर्क सुनिश्चित होगा। हर मौसम में इस क्षेत्र में सुरक्षित संपर्क रणनीतिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है।**
- **इस परियोजना से स्थानीय लोगों के लिए रोज़गार के अवसर बढ़ेंगे।**

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।